(हिन्दी दैनिक)
Email :thegramtodayeditor@gmail.com
R.N.I No. UTTHIN/2018/76731



(गांव देहात की खबर, शहर पर भी नज़र)

# दि ग्राम टुडे

उत्तरा खंड, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश,. राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, गुजरात, संघ प्रदेश एवम बुंदेलखंड से एक साथ प्रसारित

वर्ष : 6 अंक :252 सोमवार, 15, अप्रैल, 2024 कुल पेज :8 मूल्य प्रति 2/- रुपया

## मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा आज, निकलेगी शोभा यात्रा

दि ग्राम टुडे संवाददाता
लालगंज, प्रतापगढ़ ।

लक्ष्मणपुर विकासखंड क्षेत्र के हन्डौर में शीतला माता एंव काली माता के मंदिर में मूर्ति मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें भक्तों द्वारा भक्ति के रंग में सराबोर होकर मंदिर स्थल से कालीकन धाम अमेठी व प्रताप वाहिनी मां शीतला धाम प्रतापगढ़ तक आचार्य पं. काली प्रसाद मिश्र के उपस्थिति में शांतिपूर्ण तरीके से शोभा यात्रा निकाली जाएगी । उक्त कार्यक्रम की जानकारी राजकुमार दुबे एंव लक्ष्मीशंकर दुबे ने दी ।

## जंघई रेलवे परिसर में अराजक तत्वों का बोलबाला, अपराधियों पर नकेल कसने में असहाय साबित हो रही रेलवे पुलिस -

जंघई (जौनपुर) । मुंबई से गोदान एक्सप्रेस ट्रेन से जंघई रेलवे स्टेशन उतरे यात्री को मारपीट कर आधा दर्जन अज्ञात अराजकतत्वों द्वारा दिन दहाड़े यात्री को मार–पीट कर नगदी समेत 2 अदद मोबाइल छीन कर फरार हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में पीड़ित ने जी आर पी जंघई को लिखित तहरीर देते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार जौनपुर जिले के बरसठी थाना क्षेत्र स्थित चकदोस्त निवासी मिथिलेश कुमार यादव पुत्र काशीनाथ यादव का विवाह 26 अप्रैल को होना है।व वह अपनी शादी के लिए रविवार को गोदान एक्सप्रेस ट्रेन से जंघई उतरा। जहां आधा दर्जन अज्ञात अराजकतत्वों ने ट्रेन से उतरते ही उसके आगे खड़े हो गए।उसने रास्ता देने के लिए उन्हें हटने को कहा तभी लोग उसे मारने पीटने लगे।उसने बताया कि जेब में रखे कुछ रुपए और 2 मोबाइल छीन कर बदमाश 2 पल्सर मोटर सायकिल से भाग गए।दिन दहाड़े रेलवे स्टेशन परिसर में हुई छीना झपटी और मारपीट से यात्री का सिर फट गया है।इस संबंध में पूछे जाने पर जी आर पी प्रभारी जंघई अली अतहर ने बताया कि मैं वाराणसी मीटिंग में आया हूं।मामला संज्ञान में आया है । जिसकी जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया बाबा साहब डॉ० बीआर अंबेडकर की जयंती

राणा प्रताप सिंह संवाददाता दि ग्राम टुडे
रुद्रपुर (देवरिया) । बाबा साहब डॉ0 भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई । रविवार को बाबा साहब के अनुवाईओं ने उपनगर के टेढ़ा स्थान वार्ड स्थित बाबा साहब डॉ0 भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी । इस दौरान ढोल नगाड़ों व हाथी घोड़े, रथ के साथ नगर के सभी विभिन्न मार्गों जामुन चौराहा, पुन्नी साहू चौराहा, इमामबाड़ा, बस स्टेशन, पुराना चौक, पंडा टोली होते हुए वापस प्रतिमा स्थल पर सभा आयोजित कर बाबा साहब के व्यक्तित्व–कृतित्व पर चर्चा करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को सराहा गया। तथा बाबा साहब के अधूरे सपने को पूरा करते हुए समतामूलक समाज की स्थापना का संकल्प दोहराया गया। इस दौरान सभासद उपेंद्र मास्टर, सभासद प्रतिनिधि रामप्रवेश भारती, मनमथ त्रिपाठी, जय बहादुर गौतम, रामप्रवेश भारती, पंकज कुमार वर्मा, विकास कुमार गौतम, शिवाजीराव, रामजतन अंबेडकर, अंकुर कुमार गौतम, लालमोहन गौतम, अनिल कुमार गौतम, अजय कुमार राव, मोहन कुमार गौतम आदि लोग उपस्थित रहे । शोभा यात्रा के दौरान कोतवाल रत्नेश कुमार पाण्डेय, एसआई मनोज उपाध्याय मय फोर्स सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद दिखे ।



## धूमधाम से मनाई बाबा साहब डॉ० भीमराव आंबेडकर जयंती

दि ग्राम टुडे दैनिक समाचार पत्र
ब्यूरो रिपोर्ट मुनीश मिश्रा
मैनपुरी,डॉ0 भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय औडन्य पडरिया मैनपुरी में प्राचार्य डॉ0 एस पी सिंह के मार्गदर्शन एवं समारोहक जयप्रकाश यादव के नेतृत्व में भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ0 भीमराव आंबेडकर जयंती (134 वीं) बड़े धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य एवं प्रोफेसर गण समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा डॉ0 भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्पण, पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 एसपी सिंह ने कहा कि हम सभी बाबा साहब के विचारों को पढ़ें,समझें, उनके दर्शन, विचार, आदर्शों को अपने जीवन उतारें।जीवन सफल होगा। कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश यादव ने विस्तार से संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब के कृतित्व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला एवं छात्र–छात्राओं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवकों से आवाहन किया कि सभी बाबा साहब के विचारों को पढ़ें, आत्मसात करें, आदर्शों को अपने जीवन में शामिल करें, समाज में एक उच्च मापदंड स्थापित करें। सभी प्राध्यापक गण एवं छात्र छात्राओं ने बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश यादव ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक गण डॉ अजय प्रताप सिंह श्री जितेंद्र पाठक श्री जगजीवन राम कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश यादव श्री प्रमोद कुमार डॉ गीता देवी श्री विजय आनंद गौतम डॉ0 तनु जैन श्री विजेंद्र कुमार श्री शिव नंदन सिंह अरुण कुमार एवं महाविद्यालय छात्र छात्रा तथा एन एस एस के स्वयंसेवक मौजूद रहे।




## स्कूल टाइम बदलने की मांग, जिलाधिकारी व सांसद को दिया पत्रक

तारकेश्वर विश्वकर्मा
ब्यूरो चीफ दि ग्राम टुडे
देवरिया । राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी व सांसद को ज्ञापन सौंपकर भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए विद्यालय के समय में परिवर्तन कर उसे सुबह 7. 30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक करने की मांग की। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के जिला इकाई देवरिया के संयोजक जयशिव प्रतापचन्द की अगुवाई में ज्ञापन सौंपते हुए महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान समय में परिषदीय विद्यालयों के संचालन का समय अवधि प्रातः 08:00 से दोपहर 02:00 बजे तक है। कड़ी धूप होने तथा हीट वेब के चलने के कारण परिषदीय विद्यालय के बच्चे काफी परेशानी का सामना कर रहे हैं। साथ ही फसल पकने का समय होने के कारण पूरे दिन विद्युत आपूर्ति ठप रहती है, जिससे कि कक्षा संचालन के दौरान भी भीषण गर्मी में छात्र परेशान हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर में धूल के साथ तेज हवाएं चल रहीं है। ऐसी स्थिति में विद्यालयों के संचालन अवधि में परिवर्तन करना न्यायोचित है। इस संदर्भ में महासंघ द्वारा पूर्व में भी जिलाधिकारी को संबोधित पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया था। समय परिवर्तन की मांग को लेकर ज्ञापन देने के दौरान अशोक तिवारी, विवेक मिश्र, शशांक मिश्र, आशुतोष मिश्र, अभिषेक जायसवाल तथा आशुतोष चतुर्वेदी भी उपस्थित थे ।



## पुलिस आयुक्त द्वारा राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर शहीद अग्निशमन कर्मियों को दी गई श्रद्धांजली

बृजेश कुमार सिंह
ब्यूरो चीफ वाराणसी
दि ग्राम टुडे हिंदी दैनिक
वाराणसी ।दिनांक 14–04–2024 पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजली अर्पित की गई। पुलिस आयुक्त ने बताया कि आज के ही दिन 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर माल वाहक जहाज फोर्ट स्टीकेन में लगी आग पर साहस व पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए काबू पाने के क्रम में आग बुझाने वाले दमकल के 66 अग्निशमन कर्मी आग की लपेट में आकर वीरगति को प्राप्त हुए थे। इन बहादुर अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है। इस दौरान कैम्प कार्यालय पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी आनन्द सिंह राजपूत एवं फायर आफिसर्स द्वारा पुलिस आयुक्त को अग्निशमन दिवस के अवसर पर पिन फ्लैग लगाया गया। पुलिस आयुक्त महोदय ने ग्रीष्म कालीन सत्र में विशेष अभियान चलाकर आमजनमानस में अग्नि सुरक्षा के प्रति अधिक से अधिक जागरूकता लाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ–साथ फायर मॉक ड्रिल कराने हेतु निर्देशित किया गया।




## बाबासाहेब की प्रेरणा लेकर देश और समाज के नवनिर्माण में करें योगदान कृपाशंकर सिंह



दि ग्राम टुडे,जौनपुर। भारत रत्न डॉ भीम राव अंबेडकर एक महान व्यक्तित्व के धनी होने के साथ–साथ एक महान समाज सुधारक भी थे। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश और समाज के नव निर्माण में सभी को योगदान देना चाहिए। बदलापुर में आयोजित बाबा साहेब अंबेडकर की 133 वी जयंती के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में बोलते हुए महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री तथा जौनपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने उपरोक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि समाज की विषमता को दूर करने के लिए उन्होंने अथक परिश्रम और संघर्ष किया। सच्चे अर्थों में वे भारत माता के सच्चे सपूत रहे, जिन पर संपूर्ण देशवासियों को गर्व है। उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका अभिवादन किया तथा कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए आयोजकों के प्रति आभार प्रकट किया।

## कहानी सरबजीत की, जिनकी जेल में बेरहमी से की गई थी हत्या; अब उस हत्यारे का भी हुआ वैसा ही हश्र

पाकिस्तान की जेल में बंद भारतीय सरबजीत सिंह की हत्या के आरोपी अमीर सरफराज तांबा की रविवार को लाहौर में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। आतंकी संगठन लश्कर–ए–तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद के करीबी सहयोगी तांबा पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने लाहौर के इस्लामपुरा इलाके में हमला किया। उसे नाजुक हालत में एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

सरबजीत सिंह कौन थे?

सरबजीत सिंह भारत–पाकिस्तान सीमा पर बसे तरनतारन जिले के भिखीविंड गांव के रहने वाले थे। वे किसान थे। उनके परिवार में पत्नी सुखप्रीत कौर के अलावा दो बेटियां स्वप्नदीप और पूनम कौर थीं। सरबजीत की बहन दलबीर कौर ने 1991 से 2013 में उनकी मृत्यु तक उनकी रिहाई के लिए लगातार पैरवी की थी। 30 अगस्त 1990 को वह अनजाने में पाकिस्तानी सीमा में पहुंच गए थे, जहां से उन्हें पाकिस्तानी सेना ने गिरफ्तार कर लिया था।

सरबजीत सिंह को 1990 में पाकिस्तान में कई बम विस्फोटों में कथित तौर पर शामिल होने का दोषी करार दिया गया था। इसके लिए उन्हें मौत की सजा सुनाई गई थी। हालांकि, भारत में सरबजीत सिंह के परिवार का कहना है कि वह गलत पहचान का शिकार हुए और अनजाने में सीमा पार कर पाकिस्तान पहुंच गए थे।

किस मामले में और कब सुनाई गई सजा?

साल 1991 में पाकिस्तान की कोर्ट ने सरबजीत सिंह को लाहौर और फैसलाबाद में हुए चार बम धमाकों के आरोप में मौत की सजा सुनाई थी। इन धमाकों में करीब 10 लोगों की मौत हुई थी। हालांकि, कई बार सरबजीत सिंह की सजा को अस्थायी तौर पर टाला भी गया था। मार्च 2006 में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने सरबजीत की दया याचिका खारिज करते हुए उन्हें सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था।

कैसी गई थी जान?

26 अप्रैल 2013 को कड़ी सुरक्षा वाली कोट लखपत जेल के अंदर तांबा सहित अन्य कैदियों ने सरबजीत पर बर्बर हमले किए। उन पर ईंट और लोहे की छड़ों से वार किए गए। इसके बाद उन्हें बेहोशी की हालत में अस्पताल ले जाया गया। कुछ दिनों बाद सरबजीत सिंह (49) की दो मई 2013 की सुबह लाहौर के जिन्ना अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई थी। हमले के बाद करीब एक हफ्ते तक वे अचेत रहे थे।



## कांच ही बांस के बहंगिया बहंगी लचकत जात --




दि ग्राम टुडे, केवटी ( दरभंगा ) : सूर्योपासना का महापर्व चैती छठ के तीसरें दिन रविवार को व्रतियों ने कृत्रिम घाटो के साथ – साथ पास के तालाबों व नदियों के घाटों पर अस्ताचल गामी सूर्य को अर्ध्य अर्पित कर परिवार के कल्याण व आरोग्यता की कामना की। इस दौरान केवटी प्रखंड क्षेत्र के महेसाजान , मझिगामा , समैला आदि जगहों के घाटों पर " कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जात " , मारवौ रे सुगवा घनुष से , सुगा गिरे मुरूछाय जैसे कर्ण प्रिय पारंपरिक छठ गीत से वातावरण को सुवासित कर भक्ति मय बना रहे थे। पर्व को लेकर व्रतियों के स्वजनों तथा बच्चों में काफी उत्साह दिखा । वहीं घाट को आकर्षित ढंग से सजाया गया है।

## (नीरज कुमार नीर ने किया अयोध्या में रामनवमी की पूर्व संध्या पर काव्य पाठ हुए सम्मानित)



पार्श्व अंतर्राष्ट्रीय विवि सेवार्थ ट्रस्ट द्वारा 14 अप्रैल 2024, अयोध्या में श्रीराम अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव भव्य महोत्सव' का आयोजन डॉ सुरेश सिंह शोर्य के किया द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में नगर इटारसी के श्री नीरज कुमार "नीर" जी ने कार्यक्रम का प्रारंभ अपनी सरस्वती वंदना से किया। उसके उपरांत कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत किया गया,अन्य लोगों की प्रस्तुति के उपरांत नीरज चौधरी जी ने अपनी रचना 'कौशल्या नंदन राम'
'रंग बिरंगी होली' की प्रस्तुति मुक्तक के माध्यम से देते हुए अपने मन के भाव दर्शकों के सामने रखें। नीरज कुमार "नीर" को संस्था द्वारा काव्य पाठ के उपरांत श्री राम स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया।पार्श्व ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय साहित्य श्री राम महोत्सव के राम रतन श्रीवास राधे–राधे कार्यक्रम अध्यक्ष, राष्ट्रीय कवि दुर्गेश पांडे दुर्लभ जी द्वारा नीरज जी की रचनाओ की सराहना की गई और दर्शकों की तालियो ने उन्हें अपना आशीर्वाद दिया।

## डॉ धर्मपाल साहिल पर केंद्रित पुस्तक का विमोचन



फगवाड़ा। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ हर महेन्द्र सिंह बेदी द्वारा संपादित उपन्यासकार डॉ धर्मपाल साहिल पर केंद्रित पुस्तक का विमोचन किया गया । 76 विद्वानों /आलोचकों/साहित्यकारों के लेख उनके अलग –अलग उपन्यासों पर आधारित है को पुस्तक में शामिल किया गया है। आज इस पुस्तक का विमोचन डॉ जवाहर धीर की क्लीनिक पर (फगवाड़ा) किया गया। इस अवसर पर डॉ धर्मपाल साहिल, डॉ जवाहर धीर, दिलीप कुमार पाण्डेय और मेधावी छात्र राहुल सिंह, नरेशकुमार आदि उपस्थित थे।

## भाजपा का घोषणा पत्र जारी होने के बाद अवधेश प्रसाद ने भी की घोषणा

दैनिक दि ग्राम टुडे
राज करण वर्मा
जिला कार्यालय प्रभारी
अयोध्या

भाजपा के घोषणा पत्र पर इंडी के सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद का घोषणा पत्र, इंडी सरकार बनने पर गरीब महिलाओं को मिलेंगे एक लाख रूपये, भूमिहीन किसान भूमिहीन मजदूर को जिसके पास 10 बीघे से कम जमीन है 5000 रुपए उन किसानों को दी जाएगी पेंशन, मनरेगा मजदूरों को 450 रुपए प्रतिदिन दी जाएगी मजदूरी, देश प्रदेश में जो नौकरी का बैकलाक है उसको भरा जाएगा, बेरोजगारों को दी जाएगी नौकरी,सरकार बनने के 3 महीने के अंदर बैकलॉग को भरा जाएगा, इंडी सरकार में कोई भी पेपर लीक नहीं होगा, हमारी सरकार जब बनेगी अग्निवीर जैसी योजना समाप्त की जाएगी,आउटसोर्सिंग भी नही होगी।

## यमुना छठ कलश यात्रा में स्वाभिमान एक प्रयास की महिलाओं ने की सहभागिता



मथुरा। जमुना छठ महोत्सव के उपलक्ष में कालिंदी सेवा संस्थान के द्वारा शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें स्वाभिमान एक प्रयास कुसुम लता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट संस्था की महिलाओं ने भी सहभागिता की यह कलश यात्रा डीगगेट गिरिराज जी के मंदिर से शुरू होकर मंडी रामदास चौक बाजार डोरी बाजार होते हुए अस्कुण्डा घाट पर पहुंची। यहां सभी महिलाओं ने श्री यमुना जी का पूजन एवं चुन्नी मरोड़त का कार्यक्रम संपन्न किया। जिसमें स्वाभिमान एक प्रयास कुसुम लता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट जनता की राष्ट्रीय अध्यक्ष सरोज शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अनीता हरियाणा, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रतिमा सिंह, जिला संयोजक पूजा राजपूत, जिला प्रभारी डॉली राजपूत, सरस्वती, रेनू, सपना राजपूत, संगीता राजपूत, जल देवी, लता, पूनम, सुनीता, रोहिणी शर्मा, वर्षा शर्मा, सोना देवी आदि सभी ने कलश यात्रा में सहभागिता की।

## राजातालाब पुलिस को दिव्यांग स्वतंत्र पत्रकार से भी शांतिभंग का खतरा

वाराणसीः राजातालाब। लोकसभा चुनाव में पुलिस को 80 प्रतिशत दिव्यांग और हियरिंग एंड के सहारे सुनने वाले 40 वर्षीय व्यक्ति से भी पुलिस शांतिभंग का खतरा जता रही है। पुलिस ने लोकसभा चुनाव में अशांति पैदा करने वाले लोगों को मुचलका पाबंद करने का अभियान चल रखा है। जिसके तहत राजातालाब के एक दिव्यांग को मुचलका पाबंद किया गया है। अब तक राजातालाब क्षेत्र में सैकड़ों से अधिक लोगों के खिलाफ राजातालाब पुलिस द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त को चालानी रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। मुचलका पाबंद किए लोग प्रतिदिन तहसील परिसर में आकर मुचलके भरवाकर जमानत करा रहे हैं। समन आने पर इस बात का भी खुलासा हो रहा है कि पुलिस को 80 प्रतिशत विकलांगों से भी चुनावों में शांतिभंग का खतरा बना हुआ है।

पुलिस ने राजातालाब क्षेत्र के ग्राम कचनार निवासी 40 वर्षीय दिव्यांग स्वतंत्र पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता और हिमाद्री ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता का नाम भी शामिल किया है। जो कि कान की मशीन के सहारे सुनते हैं। उनका कहना है कि उन्हें कभी पता नहीं था कि उनके द्वारा भी पुलिस को खतरा हो सकता है। अब उन्हें भी अपनी जमानत करानी पड़ेगी। कहा कि उनके खिलाफ न कोई मुकदमा है और न ही कभी शांतिभंग का कोई नोटिस आया है। जिस दिन यानी 18 अप्रैल को मजिस्ट्रेट के सामने उपस्थित होकर ज़मानत कराना है उसी दिन पीड़ित दिव्यांग का एलएलबी का परीक्षा है अब पीड़ित ज़मानत कराए या परीक्षा दे पूरे मामले को पीड़ित ने उच्चाधिकारियों को एक्स पर पोस्ट कर न्याय की गुहार लगाई है अन्यथा न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाने की चेतावनी दी है।

धन्यवाद
द्वारा राजकुमार गुप्ता
वाराणसी।

## रोटी बैंक में सेवा करने वाले सेवाभावी हुए सम्मानित




कुरुक्षेत्र। हरियाणा पुलिस के दबंग आईपीएस श्री श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र में सहयोग करने वाले सेवाभावी लोगों को सम्मानित किया गया। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। रोटी बैंक की वरिष्ठ उप प्रधान राजकुमारी पंवार, महासचिव कर्म चंद, कोषाध्यक्ष एवं अंकेक्षक नरेश सैनी, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. एमएम सिंह, सूरज कमल सेठ और पुलिस निरीक्षक रमेश चंद की उपस्थित में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा पिछले दिनों रोटी बैंक मिलन एवं सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया था जिसमें अनेक सेवाभावी नहीं पहुंच पाए थे। आज उनके लिए यह विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में निरीक्षक रमेश चंद, उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार, डॉ. सुमिता ठाकुर, ऋतू, शशि कांत, उप निरीक्षक बलविंद्र, ज्ञानेश्वर खुराना, रमेश, सरोज आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बालकिशन, रमेश, सीता, करण आदि उपस्थित रहे।

## गुरु दीक्षा परिवार द्वारा देश के भविष्य हुए सम्मानित



बिहार राज्य के मुजफ्फरपुर जिले के सिमरा गाँव में अवस्थित गुरु दीक्षा शैक्षणिक संस्थान द्वारा 14 अप्रैल को दसवीं कक्षा में प्रथम श्रेणी से अनमोल सफलता अर्जित कर समाज, परिवार व संस्थान का नाम गौरान्वित करने हेतु गुरु दीक्षा परिवार द्वारा देश के भविष्य विद्यार्थियों को ट्राफी, मोमेंटो, मेडल व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। गुरु दीक्षा परिवार द्वारा आयोजित इस दीक्षांत समारोह में इस परिवार के संचालक कुमार संदीप ने कहा कि हमें इन विद्यार्थियों को सम्मानित करने का सौभाग्य मिला है यह मेरे लिए परम हर्ष की बात है, भविष्य में यूं ही इस शैक्षणिक संस्थान से विद्यार्थीगण यदि अनमोल सफलता अर्जित करते रहेंगे तो हम यूं ही विद्यार्थियों के हौंसला अफजाई के लिए इस तरह के आयोजन करते रहेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि कल की तारीख में ये बच्चे सफलता के शीर्ष पर पहुंचे यही मंगल प्रार्थना माँ सरस्वती भगवती से है। इस शैक्षणिक संस्थान के जिन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया उनके नाम इस प्रकार हैंः सचिन कुमार, अमरजीत कुमार, आशिक कुमार, श्याम कुमार, चंदन कुमार, अनुष्का कुमारी, छोटू कुमार, रागिनी कुमारी, विशाल कुमार, बिरजू कुमार, सुरुचि कुमारी, व चुन्नी कुमारी। दीक्षांत समारोह में एक अनमोल आध्यात्म के पुजारी व मध्य विद्यालय सिमरा के आदर्श गुरु दिनेश प्रसाद यादव भी मौजूद थे इन्होंने बच्चों को मंगल आशीर्वाद प्रदान करते हुए काफी हर्ष व्यक्त किया व इस शैक्षणिक संस्थान को आभार व्यक्त किया इस तरह के आयोजन आयोजित करने के लिए। गुरु दीक्षा क्लासेज के संस्थापक प्रवीण कुमार मिश्र व नवीन कुमार मिश्र ने सम्मानित विद्यार्थियों को मंगल आशीर्वाद प्रदान कर इन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि के रुप में सरपंच पति सह शिक्षक नारायण राय, दिनेश प्रसाद यादव, चंदेश्वर प्रसाद वर्मा उर्फ गाँधीजी उपस्थित थे, इन सभी अतिथियों ने बच्चों को मंगल आशीर्वाद प्रदान करते हुए मार्गदर्शन भी प्रदान किया। दीक्षांत समारोह में उपस्थित अभिभावकगणः कैलाश सहनी, मुन्ना सहनी, झरीलाल सहनी, महेश सहनी, चुल्हाई राम, उमेश भंडारी, अरुण राम। उपस्थित अभिभाकगण में महेश सहनी ने इस शैक्षणिक संस्थान के संचालक संदीप कुमार का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## भक्ति धाम में दिव्यांग सहायता शिविर २९ अप्रैल को



(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)वृन्दावन।रुक्मणि विहार, सैक्टर–1 स्थित भक्ति धाम में प्रमुख समाज सेवी स्वर्गीय ज्ञान चंद्र गर्ग की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में 29 अप्रैल 2024 को प्रातः 9 बजे दिव्यांग सहायता शिविर आयोजित किया जाएगा।साथ ही दिव्यांग व्यक्तियों को कृत्रिम अंग व उपकरण आदि का वितरण भी किया जाएगा।जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि भक्ति धाम वैलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट(रजि.) एवं कल्याणम् करोति, मथुरा के संयुक्त सहयोग से आयोजित इस दिव्यांग सहायता शिविर में विकलांगों के लिए कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर एवं वॉकर आदि का निःशुल्क वितरण भक्ति धाम वैलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष के. एल. बंसल, सचिव संदीप कुमार सिंघला, कोषाध्यक्ष रामशरण गुप्ता, कल्याणम् करोति,मथुरा के सचिव सुनील शर्मा एवं प्रमुख समाज सेवी अरुण गर्ग के द्वारा किया जायेगा।डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया कि इस दिव्यांग सहायता शिविर में देश–विदेश के विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।शिविर का समापन संत, ब्रजवासी,वैष्णव सेवा एवं भोजन प्रसाद के साथ होगा।

## राज्यपाल ने प्रदेश एवं देशवासियों को बाबा साहेब डॉ० आंबेडकर के जन्म दिवस की दी बधाई

वरिष्ठ पत्रकार योगेश द्विवेदी
राष्ट्रीय प्रभारी मीडिया
लखनऊः

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश व देशवासियों को बाबा साहेब डॉ0 भीमराव आंबेडकर के जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल जी ने अपने बधाई संदेश में कहा कि बाबा साहब ने संविधान शिल्पी के रूप में आधुनिक भारत की नींव रखी। वे सामाजिक न्याय के प्रबल पक्षधर थे तथा उन्हें एक ऐसे संविधान की स्थापना के लिए याद किया जाएगा, जो संपूर्ण देश को एकजुट करती है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर के आदर्श और सामाजिक सुधार प्रेरणादायी है।



# कात्व्यं सेवा समिति बढ़ते समाज की सेवा में समर्पित



वरिष्ठ पत्रकार योगेश द्विवेदी राष्ट्रीय प्रभारी मीडिया

नई दिल्लीः कात्व्यं सेवा समिति के मीडिया प्रभारी योगेश द्विवेदी व संगठन के प्रमुख स्तंभ धीरेंद्र सिंह ने मीडिया मे जानकारी देते हुए बताया कर्तव्य सेवा समिति एक ऐसा संगठन है जो समाज के विभिन्न वर्गों की मदद के लिए समर्पित है। यह संगठन वृद्ध लोगों को शरण देने,अनाथ बच्चों के लिए शिक्षा की व्यवस्था,लावारिस लाशों के अंतिम संस्कार तथा इसी के साथ—साथ गरीबों को शहर में प्रतिदिन भोजन प्रदान करता है। इसके अलावा, यह संगठन गाय आश्रय और पागलों के लिए पड़री लालपुर में आश्रय स्थापित करने की योजना बना रहा है कर्तव्य सेवा समिति के संचालक धीरेंद्र सिंह व पदाधिकारी अभिषेक सिंह ने कहा, "हमारा मकसद समाज की सेवा करना है। हम वृद्ध लोगों को शरण देकर उनकी देखभाल करते हैं और गरीबों को भोजन प्रदान करके उनकी मदद करते हैं। हम अब गाय आश्रय और पागलों के लिए आश्रय स्थापित करने की योजना बना रहे हैं ताकि उन्हें भी उपयुक्त देखभाल मिल सके।

इस संगठन ने समाज के सदस्यों से अपील की है कि वे इस संगठन में शामिल हों और अपना सहयोग देकर समाज की सेवा में योगदान करें।

संपर्कः कर्तव्य सेवा समिति मोहन धाम,जरौली फ़ेस—2,कानपुर नगर।

# कंटेनर की टक्कर से पल्लेदार की मौत, बाजार से दवा लेकर जा रहा था मंडी

दि ग्राम टुडे दैनिक समाचार पत्र ब्यूरो रिपोर्ट मुनीश मिश्रा

मैनपुरी में कंटेनर की टक्कर से पल्लेदार की मौत वह बाजार से दवा लेकर बाइक से मंडी जा रहा था। मंडी गेट के सामने कंटेनर ने पीछे से कुचल दिया।

बताते चलें मैनपुरी के आगरा रोड पर नवीन मंडी के पास कंटेनर से कुचलकर एक पल्लेदार की मौत हो गई। वह बाजार से दवा लेकर मंडी जा रहा था। तभी तेज गति से एक कंटेनर ने लापरवाही से एक युवक को कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने सिरसागंज रोड से कंटेनर को कब्जे में ले लिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।थाना कोतवाली क्षेत्र के नगला कैथ गांव निवासी आकाश 24 वर्ष नवीन मंडी में पल्लेदारी करता था। वह आगरा रोड पर नवीन मंडी के पास किराए के मकान में रहता था। उसको दो दिन से बुखार आ रहा था। शुक्रवार को वह घर से पल्लेदारी करने मंडी गया था। बुखार में कमी नहीं होने पर वह बाइक से दवा लेने के लिए ज्योंती तिराहे के पास एक मेडिकल स्टोर से डॉक्टर की लिखी हुई दवा लेने के लिए गया था।मेडिकल स्टोर से दवा लेने के बाद वह बाइक से वापस मंडी जा रहा था।

मंडी गेट के सामने पीछे से आए एक कंटेनर ने उसको कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक कंटेनर लेकर मौके से भाग गया। मौके पर राहगीर जमा हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके से भागे कंटेनर को सिरसागंज रोड से कब्जे में ले लिया। चालक कंटेनर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने कंटेनर पर लिखे नंबर के आधार पर चालक की पहचान शुरू कर दी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

परिवार चलाने की थी जिम्मेदारी

आकाश पल्लेदारी करके परिवार चलाता था। उसकी सात महीने पहले शादी हुई थी। पत्नी के अलावा दो छोटे भाई पुनीत और राजेश की भी वह देखभाल करता था। पहचान होने के बाद पुलिस ने उसके परिजन को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही परिजन सहित परिचित जिला अस्पताल पहुंच गए।

# उत्साह व सादगीपूर्ण तरीके से मनाई गई संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती



दीदारगंज – आजमगढ़

दीदारगंज क्षेत्र में रविवार को संविधान निर्माता एवं भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती पूरे उत्साह व सादगीपूर्ण माहौल मे धूमधाम से मनाई गई। क्षेत्र के दीदारगंज चौक, फुलेश, गद्दोपुर, दीदारगंज, फत्तोपुर, डीहपुर, मीर अहमदपुर, भटपुरवां, पल्थी आदि जगहों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर आंबेडकर जी की प्रतिमा पर माला अर्पण कर उन्हें नमन किया गया। कई मार्गों पर जुलूस निकाले गये, जुलूस में विभिन्न समाजों के महापुरुषों के पोस्टर लगाए गए। कार्यक्रम मे वक्ताओं ने भीमराव आंबेडकर के जीवन से लेकर उनके कार्य क्षेत्र व उनकी उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी साझा की। आंबेडकर जयंती को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए क्षेत्र के हर गांवों में पुलिस, होमगार्ड के जवान व चौकीदार मौजूद थे। थानाध्यक्ष दीदारगंज अखिलेश कुमार क्षेत्र में भ्रमण कर जुलूस में भाग लेने वाले लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए आंबेडकर जयंती मनाने का अपील करते रहे।

# गोंडा सिंहा चंदा के पहलीपुरवा में उर्स के दौरान जवाबी कव्वाली में बांधा समां



गोंडा। सिंहाचंदा के पहलीपुरवा गांव में स्थिति हजरत युसुफ शाह रहमतुल्लाह अलैह के आस्तान—ए—आलिया पर उर्स के दूसरे दिन उजमा नाज फैजाबाद व साकिब शाबरी फैजाबाद का शानदार मुकाबला हुआ। दरगाह शरीफ के खादिम अकबर हुसैन की निगरानी में समापन हुआ।

शनिवार की रात्रि में कौवाली का शानदार प्रोग्राम हुआ। उजमा नाज फैजाबादी ने पढ़ी – 'छिपा के दिल में एक राज रखती हूं अपने उस्ताद की जिंदा आवाज रखती हूं। जो भी जलता है मुझे देखकर तो जलने दो कसम अल्लाह की मैं हुसैनी मिजाज रखती हूं'। वहीं साकिब शाबरी फैजाबाद कव्वाल ने जबाब में पढ़ा— 'दरबारे चिश्तिया की तरफ जब वो नजर गई, महसूस ये हुआ मेरी हस्ती संवर गई। आंखों को नहीं चाहिए अब कोई नजारा, तस्वीर मेरे ख्वाजा की दिल में उतर गई'। जिसे सुनकर पंडाल में बैठे जायरीन झूम उठे। कव्वालों के अच्छे कलाम सुनकर जायरीनों ने भी रुपयों से मेहमान नवाजी करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। हजारों की संख्या में आये बूढ़े, जवान व बच्चों में भारी उत्साह दिखा। कव्वाली स्थल व दरगाह के आस—पास मिठाई, गट्टा, खिलौने की दुकान सजी हुई थी, जो किसी मेले से कम नहीं दिख रहा था। लोगों ने जमकर खरीदारी की। थाने व चौकी की पुलिस मुस्तैद रही। कार्यक्रम में विशाल पाठक प्रधान सिंहा चंदा, रामचंद्र मिश्रा प्रधान सोनबरसा, दरगाह चेयरमैन दुर्गेश जायसवाल, डाक्टर इंद्रजीत शर्मा अध्यक्ष दरगाह, नीलम सिंह, सिराजुद्दीन, डा० पंकज मिश्रा, रामायण शुक्ला, रहमान अली, डा० नवी मोहम्मद, इस्तखारुद्दीन, ईश्वर शरण दूबे, मोहम्मद आसिफ, दानिश अली , राहुल सिंह समेत काफी जनसमूह मौजूद रहा।

# निजामाबाद तहसील सभागार में मनाई गई भारतीय संविधान के रचयिता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती



दैनिक दिग्राम टुडे तहसील संवाददाता निजामाबाद उपाध्याय

आजमगढ़ / निजामाबाद

निजामाबाद तहसील सभागार में एसडीएम संत रंजन ने भारत के प्रथम कानून मंत्री, भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133वीं में जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया उन्होंने संविधान निर्माता के चित्र पर माल्यार्पण किया ।इस मौके पर उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने हमेशा गरीबों ,शोषितों , पीड़ित लोगों के अधिकार की लड़ाई लड़ी। संविधान में उन्होंने सबको एक समान वोट का अधिकार दिलाया इससे भारत के लोकतंत्र में मतदान कर हर मतदाता अपनी इच्छा अनुसार सरकार के निर्माण में सहभागिता कर सकता है। इसके साथ की बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने सबसे बड़ी चोट वोट की चोट का सिद्धांत दिया । आज इन्हीं की देन है कि भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है ।इस अवसर पर निजामाबाद तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी संत रंजन ,तहसीलदार निजामाबाद कमल कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार सिंह ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया।

# धूमधाम से मनाई गई बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती

आर एस शर्मा दि ग्राम टुडे शाहजहांपुर ग्राम सरसमा बुद्ध विहार अंबेडकर पार्क में धूमधाम से मनाई गई बाबा भीमराव अंबेडकर की 134 वी जयंती कमल किशोर उर्फ पिंटू ने बताया बाबा साहब एक विद्वान वकील सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिक थे जिन्होंने अपना जीवन सामाजिक न्याय और समानता के लिए समर्पित कर दिया था इसी कारण देशभर में जगह—जगह बाबा साहब की जयंती मनाई जाती है सरसमा बुध विहार गांव के ही कार्यकर्ताओं द्वारा भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर फूलमालाएं चढ़ाकर प्रसाद आदि वितरण किया गया इस अवसर पर विनोद कुमार बिजेंद्र पाल संजीव कमलेश मिस्त्री रामदास बाबूराम ठेकेदार प्रधान अमरीश मोहम्मद अवधेश नबी मोहम्मद एवं रोजा थाने से पुलिस बल सहयोग में गजराज सिंह दरोगा जी प्रांजल सिंह यादव कांस्टेबल अमित कुमार गौतम आदि पुलिस बल मौजूद रहा



# धूम धाम से मनाई गई बाबा साहब अम्बेडकर जयंती



दैनिक, दि ग्राम टुडे

सन्त किशोर पाण्डेय

मितौली खीरी। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर ने बाबा भीमराव अम्बेडकर की 133 वीं जयंती पर बाबू रामेश्वर दयाल महाविद्यालय फत्तेपुर में समाज के दबे,, कुचले, पीड़ित , शोषित, वंचित तथा नारी समाज को उनका हक मान सम्मान अधिकार दिलाने वाले भारतीय संविधान के शिल्पी बौद्ध उत्सव भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहब के अवतरण दिवस पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके उपरांत सैकड़ो गाड़ियों के साथ काफिला की अगुवाई करते हुए माननीय प्रदेश प्रवक्ता ने मितौली स्थित अंबेडकर पार्क में पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए बाबा साहब को शत—शत नमन किया उसके उपरांत लखीमपुर कचेहरी स्थित अंबेडकर पार्क में केंद्रीय राज्य गृहमंत्री अजय मिश्र टेनी की मौजूदगी में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज बाबा साहब की जयंती देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश भर में धूमधाम से मनायी जा रही है नारी समाज को उनका हक सम्मान व अधिकार दिलाने वाले ऐसे महापुरुष को शत—शत बार प्रणाम करते हैं केंद्रीय गृहमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा ऐसे महापुरुष की जयंती मनाते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है ऐसे महापुरुष के चरणों में शत—शत नमन, उसके बाद काफिला अलीगंज होते हुए कुसमौरी अम्बेडकर पार्क, अम्बेडकर पार्क गोला विधायक अमन गिरी के साथ, अम्बेडकर पार्क मोहम्मदी चौराहे पर अंबेडकर की प्रतिमा पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरुण वर्मा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व सांसद जुगल किशोर, मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक कमलनयन के साथ अंबेडकर जयंती मनाई गई, उसके बाद मैंगलगंज अम्बेडकर पार्क, लालपुर बुद्ध बिहार, महामाया बुद्ध बिहार खखरा में बाबा साहब के चरणों में पुष्प अर्पित किए, सभा का शुभारंभ होने से पहले वीरू गौतम कमलेश गौतम ने सांसद को बड़ा माला पहनकर सम्मानित किया। उसके बाद प्रेस वार्ता कर सभा का समापन बाबू रामेश्वर दयाल फत्तेपुर में किया गया इस अवसर पर समस्त सर्व समाज के सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय सम्मान श्रीराम ग्लोबल अवार्ड से सम्मानित होंगे विशिष्ट समाजसेवी

——— 11 कैटेगरी में कुल 121 सम्मान।

———12 मई 2024 को अयोध्या में कार्यक्रम।

आर के पाण्डेय, दि ग्राम टुडे, परमशक्ति धाम, अयोध्या। अंतर्राष्ट्रीय सम्मान श्रीराम ग्लोबल अवार्ड से विशिष्ट समाजसेवियों को आगामी 12 मई 2024 को परमशक्ति धाम, गोरसरा शुक्ल, अयोध्या में सम्मानित किया जाएगा।उपरोक्त जानकारी देते हुए पीडब्ल्यूएस प्रमुख व राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार नियंत्रण ब्यूरो के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के पाण्डेय एडवोकेट ने बताया कि मात्र 1 ईंट 1 रुपए के जन सहयोग से निर्माणाधीन पीडब्ल्यूएस शिक्षालय द्वारा प्रति वर्ष विशिष्ट समाजसेवियों को सम्मानित करने की व्यवस्था के तहत वार्षिक कार्यक्रम के रूप में एक सम्मान समारोह आयोजित करके 11 कैटेगरी में कुल 121 विशिष्ट समाजसेवियों को सम्मानित किए जाने की व्यवस्था है। इस बार का श्रीराम ग्लोबल अवार्ड सम्मान समारोह कार्यक्रम आगामी 12 मई 2024 को निर्माणाधीन पीडब्ल्यूएस शिक्षालय परिसर परमशक्ति धाम, गोरसरा शुक्ल, अयोध्या में होगा।

# उदय राज वर्मा ही होंगे बहुजन समाजवादी पार्टी के लोक सभा प्रत्यासी

अंजनी दूबे संवाददाता

सुल्तानपुर लंबे अंतराल के बाद आखिर में बहुजन समाज पार्टी ने 38 लोकसभा सुल्तानपुर से बाबा साहब भारत रत्न भीमराव अंबेडकर के 133 में जयंती के अवसर पर अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी जहां एक तरफ भाजपा और सपा पूरे लोकसभा क्षेत्र में अपना अपना परचम लहराने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं वही आज उसी कड़ी में बहुजन समाज पार्टी ने 38 लोकसभा सुल्तानपुर में अपना प्रत्याशी घोषित किया उदय राज वर्मा बहुजन समाज पार्टी के 38 लोकसभा सुल्तानपुर से उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतर चुके हैं पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी जोनल कोआर्डिनेटर घनश्यामचंद खरवार (पूर्व सांसद) और प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल की उपस्थिति में नाम की घोषणा की गई यह घोषणा सुल्तानपुर जिले के एक निजी मैरिज लान में हुई



## सम्पादकीय


# व्यंग्य लेख

चुनाव की अतरंगी दुनिया में अपनी अपनी भूमिका तलाशते नेता जी।

यह चुनाव का लोकतांत्रिक महामहोत्सव पर्व है मौसम है चुनाव का नेता जी के कई रंग दिखाई देंगे अमीर लोग भी गरीब से जुड़ेंगे। लगता है नेता जी चुनावी समर में घोषणाओं का पिटारा खुलेगा। घोषणा व वचन पत्र के सहारे क्या फिर नाईया पार लगेगी ? अब जनता भोली भाली नहीं रही वह शिक्षित व समझदार हो गई है। फिर उन्हें लुभाना आसान नहीं है। लोकसभा का यह चुनाव भारत के संविधान की मजबूत डोर है । इसलिए जनता को भी अपने फर्ज को निभाना होगा। अपना बहुमूल्य वोट देकर अपने आदर्श व विकास पुरुष ओर काम करने वाले नेता जी को जितना ही होगा। हम जनसेवक जनप्रतिनिधियों पर नजर डालें तो वह अपने अपने क्षेत्र में संतरगी हो रहें हैं। लोगों को लुभाने के लिए कभी नुक्कड़ पर चाय बनाते हैं कभी खेतों में किसानों के साथ गेहूं कटाते है। उनके यह अतरंगी रंग का खेला देखने से असली नक़ली के लिए माथापच्ची करनी पड़ती है। तरह तरह के नेताओं के रंग देखकर दिमाग का दही बन जाता है। यह चुनावी मौसम में सोशल मीडिया टेलीविजन न्यूज चैनलों अखबारों में देखकर वारंटी या गारंटी लोगों के मन में सिक्का जमाने के लिए यह बड़ा दिलचस्प चुनावी दौर रहता है। जनता अब जनार्दन बन गई है वहीं यह नेताजी उन्हें पटियाने आ गये एक अदा कुर्सी सुख के लिए बहुत दौड भाग करने में लगे हुए हैं। आमसभा में पार्टी की ताकत दिखाने के लिए वादों का पिटारा भी खोलते हैं और रोड़ शो में स्टार प्रचारकों की धूम से लोगों के दिलों में जगह बनाने का प्रयास करते हैं। शहर गांव कस्बे के हित में वह बोलते देश के लिए भविष्य की योजनाओं पर उनके कार्य को गति मिलेगी या नहीं ? हम वोट की चोट से जवाब देने की बात करते हैं। चुनाव के इस चकलस में सत्ता पक्ष विपक्ष सभी अपनी अपनी गोठ बिठाने में लगे हैं । एक दूसरे के धूरविरोधी भी एक हो रहे हैं मिलनसार बन कर गठबंधन बना कर सत्ता की चाबी पाने की चेष्टा में सब एकजुट हो गए हैं। विचारधाराओं की यह लड़ाई में राजनीतिक मर्म कहा और कैसे पहुंच पायेगा । चुनाव का यह समय राजनेताओं से क्या क्या करवाते है सत्ता की चाह में वह सियासत का सफर ना जाने कब खत्म होगा। लगता है वोट के लिए अभी और परिक्षम करना पड़ेगा नेता जी को जनता के करीब जाने के लिए जनसंपर्क करना ही होगा।

श्रीमान
संपादक जी
महोदय
दैनिक दि ग्राम टुडे
देहरादून
प्रेषक लेखक हरिहर सिंह चौहान जबरी बाग नसिया
इन्दौर मध्यप्रदेश 452001
सादर प्रकाशनार्थ हेतु

# लघु कथा




देश की प्रगति

एक युवा नेता सुबह सुबह हमारे यहां आये और हमे देश की प्रगति और विकास की गाथा सुनाने लगे। बोले आज देश ने बहुत उन्नति और प्रगति की यह सब सुखद परिणाम हमारे देश के हमारे नेताओं की ईमानदारी और मेहनत और निष्ठा का सुखद अहसास है परिणाम है। तभी दरवाजे पर एक भिखारी आया बोला , बाबूजी जी दो दिन से कुछ नहीं खाया है भूख लग रही है दो रोटी देदो। वह रोटी की रट लगा रहा था। इधर नेता जी अपनी बात सुनाए जा रहे थे। मुझसे नहीं रहा गया, मैने कहा , आप थोड़ा रुकेंगे , मैं पहले अपने देश को रोटी देकर खुश कर दूं। जो बाहर आंगन में भीख मांग रहा है

नेताजी नाराज हो बड़बड़ाते उठ चले गये । इधर भिखारी दो रोटी पा खुश हो दुआई देता प्रसन्न हो चला जा रहा था।

डॉ रामशंकर चंचल
झाबुआ मध्य प्रदेश

# सदी का महा नायक: करमवीर नरेंद्र



पुराणों में कल्कि को ऐसे अवतार के रूप में वर्णित किया गया है जो अधर्म को दूर करने के लिए सबसे अंधेरे और विनाशकारी काल को समाप्त करके अस्तित्व को फिर से जीवंत करता है और उग्र तलवार के साथ सफेद घोड़े पर सवार होकर सत्य युग की शुरुआत करता है। कलयुग में यह भूमिका नरेंद्र दामोदरदास मोदी द्वारा सुशोभित है। नरेंद्र मोदी ने भारत को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से आगे बढ़ाया है। कई भारतीय बेहतर स्थिति में हैं, हालांकि धन का अंतर बढ़ गया है। मोदी जी भारतीय शासन की संस्थाओं को नया स्वरूप देने में व्यस्त हैं। मोदी जी ने राज्य की शक्ति का उपयोग सख्ती से आर्थिक मामलों में चीजों को करने के लिए भी किया है। कल्याण कार्यक्रम अधिक संवेदनशील हो गए हैं। तीस मिनट के मन की बात कार्यक्रम के दौरान मोदी जी पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर देते रहे, स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन पर जोर दिया, योग के महत्व के बारे में बात की और चर्चा की। स्वतंत्रता सेनानी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हिंदू पहचान और सांस्कृतिक पुनरुत्थान पर जोर देते हुए, हिंदुओं को अपना गौरव व्यक्त करने और अपनी राजनीतिक आवाज उठाने के लिए एक मंच प्रदान किया। मोदी जी के साथ सनातन जड़ें मजबूत हो गई हैं। इससे प्रगति की भावना प्रबल हुई है और उपलब्धि सांस्कृतिक क्षेत्रों में फैल गई, जिससे भारतीय विरासत का उत्सव मनाया गया, जिसमें इसकी हिंदू जड़ें भी शामिल थीं। जैसे ही एन आर आई और हिंदुओं ने विश्व स्तर पर पश्चिमी सांस्कृतिक मानदंडों का सामना किया, सांस्कृतिक अंतर और अपनेपन की भावना उभरी। इससे उनकी विरासत, रीति–रिवाजों और आध्यात्मिक प्रथाओं में नए सिरे से रुचि पैदा हुई।भारत, जिसे अक्सर दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, ने वैश्विक मंच पर उल्लेखनीय प्रगति की है। समृद्ध इतिहास, विविध संस्कृति और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ, भारत एक महाशक्ति और भविष्य का विश्व नेता बनने की ओर अग्रसर है। आर्थिक रूप से, भारत ने पिछले कुछ दशकों में प्रभावशाली विकास दिखाया है। मोदी जी के समय में बुनियादी ढांचे और शिक्षा में भारी निवेश करके बहुत प्रगति हुई है, जिससे आर्थिक विकास को और बढ़ावा मिलेगा।प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इसके लॉन्च पर सांसद आदर्श ग्राम योजना के लिए अपना दृष्टिकोण साझा किया। "बेटा बेटी, एक समान'' ''आइए हम बालिका के जन्म का जश्न मनाएं।'' महिला और बाल विकास, स्वास्थ्य और परिवार मंत्रालयों का एक त्रि–मंत्रालयी प्रयास है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार उद्यमिता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 'मेक इन इंडिया' पहल न केवल विनिर्माण बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी भारत में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए चार स्तंभों पर आधारित है। ग्रामीण विद्युतीकरण तीव्र गति से हो रहा है, और अविश्वसनीय पारदर्शी तरीके से किया जा रहा है। भारत की जी डी पी वृद्धि 7.4□ तक पहुंच गई, जो दुनिया की सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज़ है। विभिन्न रेटिंग एजेंसियों और थिंक टैंकों ने भविष्यवाणी की है कि एन डी ए सरकार के तहत अगले कुछ वर्षों में भारत की वृद्धि तेजी से बढ़ेगी। बैंकिंग मजबूत बुनियादी बातों पर प्रतिबिंबित होती है। प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना सिंचाई सुविधाओं को सुनिश्चित करके उत्पादकता को बढ़ावा दे रही है। लक्ष्य सभी कृषि फार्मों के लिए सुरक्षात्मक सिंचाई के कुछ साधनों तक पहुंच सुनिश्चित करना है। पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त शासन से राष्ट्र को भारी लाभ मिलता है, जबकि पिछले दशक में नीति निर्धारण के बजाय मनमाने ढंग से निर्णय लेने, भ्रष्टाचार और विवेक की कई कहानियां देखी गई हैं। उच्चतम न्यायालय के आदेश द्वारा कोयला ब्लॉक आवंटन रद्द करने के बाद, सरकार ने पारदर्शी और समय पर नीलामी सुनिश्चित करने के लिए अद्वितीय तेजी से काम किया। मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने शिक्षा और कौशल विकास को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया है । नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में डिजिटल बुनियादी ढांचे, अंतरिक्ष, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, विशेष भंडारण, कृषि और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में परिवर्तनकारी सुधार देखने को मिलेंगे। जब प्रमुख संकेतकों और सांख्यिकीय मापों के माध्यम से देशों का मूल्यांकन किया जाता है। इसलिए कई अर्थशास्त्रियों और रणनीतिकारों के अवलोकन पर संदेह करने का कोई कारण नहीं दिखता है कि नरेंद्र मोदी जी भारत की अभूतपूर्व वृद्धि के पीछे प्रेरक शक्ति होंगे।

–डॉ माया एस एच।

# मैं बोलूँगा तो बोलोगे कि बोलता है



( केवल संविधान से देश नही चल सकता)

जब संविधान का निर्माण हो रहा था उस वक्त उसके निर्माताओं ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि इस देश में कभी ऐसा भी समय आएगा कि किसी मुख्यमंत्री को भ्रष्टाचार के इल्जाम में जेल के सलाखों के पीछे भी जाना पड़ेगा और वह उसके बाद भी अपना इस्तीफा नहीं देगा।आज संविधान की वजह से देश में हास्यास्पद स्थिति पैदा हो गई है।अन्ना हजारे के आंदोलन से उपजी देश की सबसे भ्रष्ट पार्टी जिसका मुखिया अरविंद केजरीवाल जो इस देश का सबसे बड़ा धूर्त और मक्कार व्यक्ति है जो अपनी धूर्तता के बल पर दिल्ली के लोगों को गुमराह करके दिल्ली के मुख्यमंत्री के पद पर आसीन हो गया था और जिसके ऊपर संगीन आरोप लगे हैं जिसके चलते उसे जेल जाना पड़ा इसके वावजूद वह अपने मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने को तैयार नहीं है।दिल्ली में संवैधानिक संकट पैदा हो गया है फिर भी केजरीवाल निर्लज्जता के साथ अपने पद पर बैठा हुआ है।इसका सबसे बड़ा कारण हमारा संविधान है जिसमें इस बात की कहीं चर्चा ही नहीं है कि जब इस तरह की स्थिति उत्पन्न हो जाये तो संविधान के अनुसार क्या किया जाए।वैसे देश में अभी तक यही होता आया है कि जब किसी मुख्यमंत्री पर जेल जाने की नौबत आई तो वह पहले अपने पद से इस्तीफा दे दिया वह चाहे जयललिता हों या लालू प्रसाद यादव या हेमंत सोरेन सभी ने अपने मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दिया है।ये देश में पहली बार हुआ है कि कोई मुख्यमंत्री जेल जाने के बाद भी अपनी कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं है।वैसे तो सरकार बर्खास्त करके दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है लेकिन चुनाव के चलते मौजूदा सरकार ये रिस्क उठाना नही चाहती है क्योंकि इससे आम आदमी पार्टी को चुनाव में सहानुभूति वोट मिलने के आसार बढ़ जाते हैं।और ये बात अरविंद केजरीवाल को भी पता है और वह यही चाहता है कि उसके सरकार को बर्खास्त किया जाए ताकि वह चुनाव में इसका फायदा उठा सके।केजरीवाल इस मुगालते में है कि उसे सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल जाएगी लेकिन अभी तक के इतिहास को देखते हुए ऐसा लगता नहीं है क्योंकि मनीष सिसोदिया को जमानत नही मिल पा रही है।हाई कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सख़्त टिप्पणी की है जिससे यही लगता है कि सुप्रीम कोर्ट भी शायद ही जमानत दे पाए।फिर भी कोर्ट के मामले में कुछ कहा नही जा सकता है।लेकिन जहाँ तक नैतिकता का सवाल है अरविंद केजरीवाल को जेल जाने से पहले अपना त्यागपत्र जरूर देना चाहिए था।अब चूँकि संविधान में ये स्पष्ट ही नहीं है कि अगर मुख्यमंत्री जेल जाए तो उसे इस्तीफा देना चाहिए कि नही।आज स्थिति ये है कि इस मामले में कोर्ट भी कुछ आदेश जारी नही कर सकता है क्योंकि उसके हाथ भी संविधान के दायरे में बंधे हुए हैं।अब सवाल यहाँ ये पैदा होता है कि क्या संविधान के द्वारा ही अक्षरशः देश चलेगा कि कुछ चीजें विवेक के आधार पर भी चलेगा।संविधान में कहाँ लिखा है कि हमें अपने बुजुर्गों को सम्मान करना चाहिए लेकिन फिर भी हम करते हैं।संविधान में पूजा पद्धति के बारे में भी नहीं लिखा है लेकिन हम सब अपने अपने तरीके से पूजा पाठ करते रहते हैं।हर बात के लिए संविधान पर निर्भर नहीं रहा जा सकता है। हम अपनी परम्पराओं के लिए भी संविधान पर निर्भर नहीं रह सकते हैं।कुछ बातें नैतिकता के आधार पर ही संपादित होना चाहिए।हमारे देश का संविधान सबसे लचर संविधान है जिसमें इतनी लिबर्टी है कि आप इसको मनमाने तरीके से अपने सुविधा के अनुसार इस्तेमाल कर सकते हो।वकीलों के लिए इससे बेहतर संविधान हो ही नहीं सकता है।बस आपको इसे तोड़ने मरोड़ने की कला आनी चाहिए।बड़े से बड़े अपराध करके भी अपराधी यहाँ बगैर किसी सजा के छूट जाता है।पुलिस द्वारा तैयार की गई चार्जशीट में अगर जरा सी कमी रह जाये तो इसका फायदा अपराधियों को मिल जाता है।कोर्ट केवल सबूतों के आधार पर अपना निर्णय सुनाता है और चाहकर भी अपने विवेक का इस्तेमाल नही कर सकता है।जबकि होना ये चाहिए कि जो चीजें साफ साफ दिख रही है उनके आधार पर भी कुछ निर्णय होनी चाहिए।आज केजरीवाल के मामले में जब कुछ याचिकाकर्ता कोर्ट के पास उसके इस्तीफे के लिए गए तो कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करने से इसलिए मना कर दिया कि संविधान में ये कहीं नही लिखा कि जेल जाने वाले मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए।जबकि कोर्ट चाहता तो दिल्ली के एल जी को निर्देशित जरूर कर सकता कि वे इस मामले में तुरंत प्रभावी कदम उठाएं।कोर्ट का इतना इशारा ही काफी था।ये कैसे हो सकता है कि एक अपराधी की तरह जेल में बंद मुख्यमंत्री अपने पद पर बना रहे।जेल कर्मियों के लिए कैसी विकट स्थिति होगी कि वह अपने मुख्यमंत्री को अपराधी समझे या मुख्यमंत्री।संविधान जब बनाया गया था तब देश की स्थिति कुछ और थी लेकिन अब देश का हालात पूरी तरह बदल चुका है।देश की जनसंख्या सौ करोड़ से ऊपर जा चुकी है ऐसे में संविधान में आज की परिस्थितियों के अनुसार आमूल चूल परिवर्तन करना जरूरी है।आज पूरा विपक्षी दल डरे हुए हैं कि अगर अगले चुनाव में बीजेपी को दो तिहाई बहुमत आती है तो संविधान में कुछ कठोर संसोधन होंगे जिसमें यूनिफॉर्म सिविल कोड सबसे पहले होगा।इसके अलावा देश की अखंडता के लिए कुछ और कदम उठाएं जायेंगें।आज देश के मतदाताओं को अगले चुनाव में अपने देश के स्वर्णिम भविष्य के लिए वोट करना होगा।देश का विपक्ष केवल मुस्लिम तुष्टिकरण के चक्कर में देश को अराजक स्थिति में ले जाना चाहते हैं।दरअसल ये लोग मुस्लिम समुदाय का भी भला करना नही चाहते हैं।इनका मकसद केवल अपने राजनीतिक फायदे के लिए इनके वोटों का इस्तेमाल करना है और दुर्भाग्य से इस देश का मुसलमान आजादी के बाद से ही गुमराह किये जाते रहे हैं।देश की राजनीतिक पार्टियां मुसलमानों को हिंदुओं का खौफ़ दिखाकर उनके वोटों को दरअसल खरीदती रही हैं।इस देश का मुसलमान कतई अल्पसंख्यक नही है।20करोड़ से ज्यादा की आबादी वाला समुदाय कहीं से भी अल्पसंख्यक नही हो सकता है।जिस तरह मुसलमानों की आबादी बढ़ रही है और दूसरी तरफ हिंदुओं की आबादी घट रही है वैसे में एक समय बाद इस देश में हिन्दू अल्पसंख्यक हो जाएंगे और हो सकता है कि हिंदुओं का खात्मा ही हो जाये।आने वाले समय में सिर्फ चीन ही मुसलमानों से मुक्त रहेगा वरना धीरे धीरे यूरोपीय देश भी मुसलमानों से भरने वाले हैं।आने वाले समय में अगर पूरे विश्व में इस्लाम धर्म के लोग ही बच जायें तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नही होनी चाहिए।मुसलमानों को पनाह देने वाला कोई देश आने वाले समय में अपनी मौलिकता शायद ही बचा पाए।अगर हिंदुस्तान को हिंदुओ के लिए सुरक्षित रखना है तो देश का एक और विभाजन करके इस देश को पूर्ण रूप से मुस्लिम विहीन करना होगा भले राष्ट्र का स्वरूप छोटा हो जाये।इस देश में कभी भी हिन्दू मुस्लिम समुदाय के लोग शांति से नही रह सकते हैं।आज चूँकि सेना की स्थिति अच्छी है इसलिए शांति स्थापित है वरना यहाँ रोज दंगे हों।आज भी मुस्लिम बहुल इलाकों में हिंदुओं की स्थिति बहुत दयनीय है।हमें इस स्थिति को बदलना होगा।सभी धर्म के लोग आपस में सदभाव से जरूर रह सकते हैं जबतक उनमें कट्टरता नही हो।लेकिन इस्लाम धर्म का स्तित्व ही कट्टरता पर आधारित है।जब कोई धर्म इस सोच पर आधारित हो कि केवल उसका धर्म ही सर्वश्रेष्ठ है और दूसरे धर्म के मानने वाले काफ़िर हों तो उस धर्म के मानने वालों के साथ आप कभी भी सुरक्षित नही रह सकते हैं।जब इस्लाम के मानने वाले इस देश में शासक बने उसके बाद इस देश में बड़े स्तर पर हिंदुओं का उत्पीड़न हुआ।हिंदुओं के मंदिरों को तहस नहस कर दिया गया।अयोध्या का राममंदिर ,मथुरा ,काशी, धार के मंदिर इसके उदाहरण हैं।कितने हिंदुओं का बलात धर्म परिवर्तन कराया गया।आज देश के मुसलमानों के पूर्वज ज्यादातर मामलों में हिन्दू ही रहे हैं जो उस समय की परिस्थितियों से समझौता करके इस्लाम धर्म अपना लिए थे।लेकिन आज वही लोग इस देश के लिए खतरा बन गए हैं क्योंकि उन्हें अपना अपनाया धर्म ही सर्वश्रेष्ठ लगता है।और ये स्वाभाविक भी है।मेरा स्पष्ट मानना है कि एक धर्म के मानने वाले एक ही परिवेश में रहें तो बेहतर।अगर आप दूध में नींबू निचोड़ेंगें तो दूध फटेगा ही। हिन्दू धर्म के साथ जैन धर्म, बौद्ध धर्म, सिख धर्म और यहाँ तक ईसाई धर्म या पारसी धर्म भी आसानी से रह सकते हैं लेकिन इस्लाम धर्म के साथ निर्वाह एकदम मुश्किल है।क्योंकि इस्लाम धर्म की सोच हिन्दू विचारधारा के एकदम खिलाफ है।मैं व्यक्तिगत रूप से सभी धर्म का सम्मान करता हूँ इसमें इस्लाम धर्म भी शामिल है।लेकिन इस्लाम धर्म की गहराई में जाने पर इस बात का एहसास होता है कि उनकी विचारधारा हिंदुओं के विचारधारा के एकदम विपरीत है।हिन्दू धर्म महिलाओं को देवी का दर्जा दिया जाता है वहीं उनके यहाँ महिलाएं सिर्फ भोग की वस्तु हैं।उनका सारा धर्म महिलाओं को बुर्के में रखने तक सीमित है।इसलिए इस तरह की मानसिकता वाले धर्म के साथ हिन्दू धर्म के मानने वालों का निर्वाह करना बहुत ही कठिन कार्य है।इसलिए अब संविधान में कुछ ऐसे संसोधन करने होंगे जिसमें देश में तुष्टिकरण की नीति पर लगाम लगाया जा सके।इसके अलावा संविधान में संशोधन करके राजनीतिक दलों द्वारा रेवड़ी बाँटने पर भी लगाम लगाने की जरूरत है।देश में वही नीति लागू हो जो देश के भविष्य में दुरगामी परिणाम ला सके।देश का भविष्य किसी भी हाल में खतरे में नही पड़े इसका प्रावधान करना जरूरी है।हिन्दू धर्म इस देश में अक्षुण्ण रहे इसकी व्यवस्था की जानी चाहिए और इसके लिए संविधान में कुछ कड़े प्रावधान जोड़ने की जरूरत है क्योंकि कि अगर कांग्रेस जैसी पार्टी अगर कभी आगे चलकर सत्ता में आएगी तो वह पुनः तुष्टिकरण की नीति का ही पालन करेंगे।

द्वारा डॉ संजय श्रीवास्तव
महू7000586652।

# माता दुर्गा के छठवें स्वरूप मां कात्यायनी के दर्शन की रही धूम मंदिरों पर रही भारी भीड़



दैनिक दिग्राम टुडे तहसील संवाददाता निजामाबाद अभिलाष उपाध्याय
निजामाबाद आजमगढ़
स्थानीय क्षेत्र के भैरोपुर कला गांव में मां शीतला का भव्य मंदिर स्थित है।नवरात्रि के छठे दिन भक्तों ने मां दुर्गा के छठवें स्वरूप माता कात्यायनी का दर्शन पूजन किए।मान्यता है कि मां कात्यायनी की पूजा करने से शादी में आ रही सभी बाधाये दूर हो जाती हैं और भगवान बृहस्पति प्रसन्न होकर विवाह का योग बना देते हैं।यह भी माना जाता है कि अगर सच्चे मन से मां की पूजा की जाय तो वैवाहिक जीवन में सुख शांति भी बनी रहती है।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार माता कात्यायनी की पूजा अर्चना से भक्त को अपने आप आज्ञा चक्र जागृति की सिद्धियां मिल जाती हैं साथ ही वह इस लोक में स्थित रहकर भी अलौकिक तेज और प्रभाव से मुक्त हो जाता है।भक्तो के मां कात्यायनी की उपासना से रोग शोक,संताप और भय नष्ट हो जाते हैं।मान्यता है कि महर्षि कात्यायन की तपस्या से प्रसन्न होकर आदिशक्ति ने उनकी पुत्री के रूप में जन्म लिया था।इसलिए उन्हें कात्यायनी कहा जाता है।कहते है कि मां कात्यायनी ने ही अत्याचारी राक्षस महिसासुर का वध तीनो लोकों को उसके आतंक से मुक्त कराया था।महिषासुर और शुंभ निशुंभ दानव का वध माता ने ही किया था। मां को महिषासुर मर्दनी भी कहा जाता है। मां कात्यायनी का स्वरूप बेहद ही अलौकिक और भव्य है।इनकी चार भुजाएं है। मां कात्यायनी के दाहिनी तरफ का ऊपर वाला हाथ अभय मुद्रा में है और नीचे वाला वर मुद्रा में बाई तरफ ऊपर वाले हाथ में तलवार और नीचे वाले हाथ में कमल पुष्प सुशोभित है। मां कात्यायनी सिंह की सवारी करती हैं। मां के स्वरूप का दर्शन करने के लिए माता शीतला के दरबार में सुबह से ही भक्तो का तांता लगा हुआ था।भक्त मां के दरबार में पहुंचकर अपने और अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना करते हुए मां के चरणों में माथा टेक कर पूजा अर्चना कर रहे थे।इस मंदिर से श्रद्धालुओ की अपार श्रद्धा जुड़ी हुई है।इसीलिए श्रद्धालु काफी दूर दूर से वहां पहुंचकर मां का दर्शन करते हैं और मुराद मांगते है।कहते है कि यहां मांगी हुई हर मुराद मां पूरी करती है।प्रशासन की तरफ से वरिष्ठ उपनिरीक्षक सविंद्र राय,उपनिरीक्षक शुभम त्रिपाठी,उपनिरीक्षक उमेश सिंह,अशोक चौबे म0 उपनिरीक्षक सानिया वर्मा,का0 मुलायम यादव,राकेश तिवारी,कृष्ण चंदआदि लोग सुरक्षा में तैनात दिखे।

# एसडीएम ने भीषण गर्मी से पक्षियो की प्यास बुझाने के लिए बांधे परिंडे




दि ग्राम टुडे! ( पुष्पा भाटी )पदमपुर उपखंड कार्यालय परिसर में एसडीएम संदीप कुमार काकड़ की अगुवाई में करीब 110 गुलाब के पौधे लगाए गए। इस दौरान एसडीएम संदीप काकड़ ने कहा कि गर्मी के चलते बेजुबान और लाचार पक्षियो के लिए दाना,पानी की व्यवस्था करना सबसे बड़ा धर्म है
इस मौसम में पानी की अधिक जरूरत है पानी के अभाव में कहीं पक्षी दम न तोड़ जाए। पंछियो के पानी पीने के लिए खुद एसडीएम ने उपखण्ड कार्यालय परिसर में परिंडे बांधकर ऐसे नेक कार्य की पहल की गई है धरती के तापमान में इजाफा हो रहा है। इस कारण मौसम का संतुलन बिगड़ गया है। तापमान को कम करने व वातावरण को दूषित होने से बचाने के लिए अधिक पौधे लगाना समय की जरूरत है। पेड़ जहां मनुष्य को शुद्ध हवा देते है, वहीं वातावरण में संतुलन बनाए रखते है। इसके अलावा पौधरोपण करने के साथ उनकी देखभाल करना भी बहुत जरूरी है! पौधारोपण में उपखाण्ड कार्यालय के स्टाफ सुखदेव सिंह अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, सुनील कुमार वरिष्ठ सहायक, मुकेश कुमार कनिष्ठ सहायक,अशोक दत मीणा कनिष्ठ सहायक,मनोज कुमार कम्प्यूटर ऑपरेटर सुरेन्द्र सिंह वाहन चालक, बलदेव सिंह गार्ड, रामप्रकाश सहायक कर्मचारी बलविन्द्र सिंह सहायक कर्मचारी, सुभाष चन्द सहायक कर्मचारी, भंवर लाल भाटी वाहन चालक, अशोक कुमार माली, श्री शिशपाल राव माली, नगरपालिका पदमपुर का विशेष योगदान रहा। समस्त कर्मचारीयों द्वारा पौधो की सार संभाल करने एवं नियमित रूप से पौधो में पानी डालने की जिम्मेवारी सुभाष चन्द सहायक कर्मचारी व रामप्रकाश सहायक कर्मचारी द्वारा ली।

# गरीब कन्या के विवाह मे अटल भारत सम्मान फाउंडेशन ने किया सहयोग



नई दिल्ली आज अटल भारत सम्मान फाऊंडेशन द्वारा दिल्ली प्रदेश में एक गरीब परिवार कन्या (ललिता)के विवाह हेतु सहयोग सामग्री एकत्रित करके दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मंजू शर्मा जी के निवास स्थान पर पहुंच कर राष्ट्रीय टीम द्वारा उस कन्या को दिया उस कन्या का विवाह एक नॉर्मल तरीके से हों रहा है जिसके 7 फेरे भी किसी और के घर पर होंगे अटल भारत सम्मान फाऊंडेशन द्वारा उस कन्या को 25 साड़ी 15 जोड़ी पैंट शर्ट के कपडे
1 लहगा चुदरी सेट 1गले का सेट
1 प्रेस1 बेड सीट सेट 1 रॉड पानी गर्म
1 टेबल फैन 1 हैंड ग्रेडर 6 प्लेट प्लास्टिक 1 दरी1 चूड़ा सेट3 सूट के कपडे 1 किट मेकप समान उस परिवार को समर्पित किया और उस कन्या के खुशहाल शादीशुदा जिंदगी कि कमाना कि जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष राम राणावत जी के नेतृत्त में हुआ हैं जिसमें राष्ट्रीय टीम के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ पी एस प्रजापति जी राष्ट्रीय सह प्रभारी डॉ संजय गौड़ राष्ट्रीय सचिव सोनिया राणावत राष्ट्रीय सचिव शिखा जैन जी राष्ट्रीय महामंत्री डॉ एम सी शर्मा जी राष्ट्रीय प्रवक्ता शैली कश्यप जी राष्ट्रीय सचिव गुंजन गुप्ता जी राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी गबर भंडारी जी उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष सीमा देवल जी और उनकी पुरी टीम दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सुनीता खन्ना दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष यशपाल चौधरी जी दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष कुमार जी एवं अन्य सदस्यों ने अपना सहयोग दिया अटल भारत सम्मान फाऊंडेशन इसे कार्य राष्ट्रीय स्तर पर करता रहता है

# जे के मसाला फूड विज़ार्ड सीजन-२ शेफ कम्पीटिशन हुआ सम्पन्न




जे पी शर्मा / दि ग्राम टुडे जयपुर ।दंगायच स्कूल ऑफ़ होटल मैनेजमेंट जयपुर द्वारा शनिवार 13 अप्रैल को जे के मसाला फूड विज़ार्ड सीजन 2 शेफ कम्पीटिशन का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया।
इस कार्यक्रम में 18 फ़ाइनल टीम फिनाले राउंड में आई । इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने विभिन देशो के व्यंजन बनाकर अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम को होटल जयपुर मैरियट में डगायच स्कूल ऑफ़ होटल मैनेजमेंट जयपुर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न पाँच सितारा होटल के एक्जीक्यूटिव शेफ एवम् जनरल मैनेजर ने आकर बच्चों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त निदेशक ,पर्यटन विभाग,
ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।
पुरस्कार के रूप में मेडल्स, ट्रॉफ़ी , पुरस्कार एवम् स्कॉलरशिप लेटर दिया गया
दूसरे रनर विजेता– सेंट एंसेल्म स्कूल
छात्रों के नामः–
ए) सलोनी जैन
बी) अंजली जोशी
सी) दिवा शर्मा
पहले रनर अप– वर्धमान स्कूल ए) यशस्वी बेंगानी
बी) लेटिशर चिसेंगा
सी) चाहना चौधरी
सांत्वना विजेता– आईआईएस स्कूल ए) वास्वी लोयलका
बी) नित्या जोहरी सी) लक्षिता गर्ग पहले स्थान विजेता– एमएन मॉडर्न स्कूल ए) रेणुका राजवंशी बी) गुंगुन पंजाबी सी) परी बदलानी कॉलेज के चेयरमैन हरि मोहन डंगायच, डायरेक्टर मिस सेजल डंगायच एवम् प्रधानाचार्य डॉ ज्योति अरोड़ा ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर एडवोकेट ललित शर्मा को भी सम्मानित किया गया।

# अखिल भारतीय परशुराम बीग्रेड की बैठक सम्मान सम्पन्न सोलवा वार्षिक उत्सव ०९ मई को कार्यक्रम का किया आगाज



वरिष्ठ पत्रकार योगेश द्विवेदी राष्ट्रीय प्रभारी मीडिया
कार्यक्रम की जानकारी को अवगत कराते हुए अखिल भारतीय परशुराम ब्रिगेड के प्रमुख पदाधिकारी आदरणीय पंडित उमेश शुक्ल महासचिव इंद्रेश शुक्ला ने मीडिया परिवार के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी योगेश द्विवेदी से कार्यक्रम की जानकारी में बताया अक्षय तृतीया सतयुग त्रेतायुग नर नारायण हयग्रीव भगवान परशुराम जी का अवतरण दिवस व महाभारत के समापन दिवस कि पूर्व संध्या पर होने वाले भृगुकुल भूषण भगवान परशुराम जी का 16 वां वार्षिकोत्सव 09 मई 2024 दिन गुरुवार को मनाया जाना सुनिश्चित हुआ है इसी संदर्भ मे 14 अप्रैल दिन रविवार को दोपहर 1 बजे सुझाव बैठक कमल जैलर्स के नेहरू नगर वाले गेस्ट हाउस गिरधर वाटिका मे आयोजित की गई जिसमें अखिल भारतीय परशुराम ब्रिगेड शुक्लागंज के समस्त पदाधिकारी गण मौजूद रहे जिसमें मुख्य रूप से ब्रिगेड के अध्यक्ष राजेंद्र बाजपेई एवं महासचिव इंद्रेश शुक्ला के द्वारा कार्यक्रम की जानकारी में मीडिया में बताया बताया कि इस वर्ष भी सर्वप्रथम सायं 4 बजे दिव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा जिसका रसपान सभी भक्तगण करेंगे। तत्पश्चात जनपद तथा नगर गंगाघाट के अग्रज जनों का सम्मान समारोह ,तत्पश्चात स्वल्पाहार एवं प्रशाद ग्रहण भन्डारा
का भी आयोजन है जिसमें सभी आए हुए सम्मानित नगरवासी प्रसाद भोजन उपरांत
प्रत्येक वर्ष की भांति कार्यक्रम जवाबी कीर्तन रात्रि 10 बजे से प्रारंभ होगा इस वर्ष जवाबी कीर्तन उरई की सुप्रसिद्ध कलाकार राखी आजाद तथा प्रदेश की राजधानी लखनऊ की सुप्रसिद्ध कलाकार रोशनी अंजान द्वारा कीर्तन का गायन वादन किया जाएगा। कार्यक्रम की बैठक में मुख्य रूप राजेंद्र बाजपेई, इंद्रेश शुक्ला, वीरेंद्र शुक्ला, सुर्य प्रकाश दीक्षित, सुप्रसिद्ध पंडित श्री उमेश शुक्ला (आचार्य) धीरेंद्र द्विवेदी प्रशांत जी श्रीकांत पाल नीलकमल दीक्षित नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडेय के साथ सैकड़ों की संख्या में समस्त अखिल भारतीय परशुराम भक्त उपस्थित कार्यक्रम का आगाज हर हर महादेव जय जय श्री राम के नारों के साथ महा सचिव इंद्रेश शुक्ला ने शंखनाद के साथ किया कार्यक्रम का आगाज!!

# ग़रीबों,शोषितों एवं वंचितों के उत्थान और कल्याण के लिए बाबा साहेब का पूरा जीवन समर्पित रहा: सुनील श्रीवास्तव

दि ग्राम टुडे
बीकापुर संवाददाता कामता शर्मा
बीकापुर अयोध्या
आम आदमी पार्टी बीकापुर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी सुनील कुमार श्रीवास्तव अधिवक्ता ने आप से नाता तोड़कर भाजपा में शामिल होने के बाद उनकी अगवाई में बीकापुर तहसील परिसर में भारतरत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती दर्जनों कार्यकर्ता मनाई गई। जयंती के आरंभ में सुनील कुमार श्रीवास्तव, राम कुमार राय सरकारी अधिवक्ता अयोध्या , बाबा विश्वनाथ महाविद्यालय के प्रबंधक दिग्विजय सिंह बूक्कू, अनिल उपाध्याय भाजपा मंडल अध्यक्ष समेत लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सुनील कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि भारत के ग़रीबों, शोषितों एवं वंचितों के उत्थान और कल्याण के लिए उनका पूरा जीवन समर्पित रहा. उन्होंने पूरे भारत को संविधान सूत्र से जोड़कर देश की एकता और अखंडता को नई मज़बूती प्रदान की।यह देश उनके योगदान को हमेशा याद रखेगा
बाबा साहब गरीबों मजलूम के मसीहा थे उन्होंने अपने जीवन में उनके अधिकार के लिए संघर्षरत करते रहे। बाबा साहब के मार्ग पर चलने और उनके विचारों अपने की अपील की। इस मौके पर लोग उपस्थित रहे।





# जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अजय रावत ने मनाई बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती

दैनि दि ग्राम टुडे राज करण वर्मा जिला कार्यालय प्रभारी अयोध्याअयोध्या–जनपद के सोहावल में विभिन्न जगह मनाई गई बाबा साहब की जयंती, तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया याद,बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अजय रावत ने उनके किये गये कार्यो को जनता के बीच की सराहना,जिला पंचायत प्रतिनिधि अजय रावत का बयान दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतो दलितों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था,श्रमिकों किसनों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था।वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माता में से एक थे,जिला पंचायत सदस्य अजय रावत का बड़ा बयान, पूरे अयोध्या जनपद में सबसे ज्यादा मनाई गई अंबेडकर जयंती।

# डॉ बाबासाहेब आंबेडकर जयंती का उत्सव




१४ अप्रैल को एमकेएलएम, बी एल अमलानी कॉलेज, विले पार्ले परिसर में डॉ बाबासाहेब आंबेडकर जयंती का कार्यक्रम जोरों से मनाया गया। संगोष्ठी का उद्‌घाटन शुभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया और उसके बाद सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों के साथ दीप प्रज्ज्वलन किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि डॉ निर्मला पवार ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। उन्होंने, डॉ बाबासाहेब आंबेडकर जो भारतीय संविधान के निर्माता और शिल्पकार थे और देश के पिछड़े वर्ग के लोगो के मसीहा थे वह प्रख्यात अर्थशास्त्री कानूनविद और राजनेता थे , उनके बारे में विद्यार्थियोंको जानकारी दी। डॉ.जितेंद्र अहेरकर ने स्वागत भाषण से शुभारंभ किया। समारोह में लगभग 200 छात्राओं ने भाग लिया।

# इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से लोकतंत्र का महायज्ञ संपन्न होगा, ईवीएम के संचालन की जानकारी प्रत्येक कार्मिक को होना बेहद जरूरी-जिला निर्वाचन अधिकारी

दि ग्राम टुडे दैनिक समाचार पत्र
ब्यूरो रिपोर्ट मुनीश मिश्रा
मैनपुरी 14 अप्रैल 2024– जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने सुदिति ग्लोबल एकैडेमी में सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट के प्रथम प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन–24 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं निर्भीक माहौल में संपन्न कराने की सबसे ज्यादा जिम्मेदारी अपने–अपने सेक्टर, जोन में सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट को निभानी है। उन्होने सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट से कहा कि लोकतंत्र के सबसे महत्वपूर्ण कार्य की ड्यूटी को बोझ न समझें बल्कि पूरे उत्साह–खुशी के साथ सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन निष्पक्ष रहकर करें, मन में कोई भ्रांति न पालें यदि कोई भ्रम हो तो तत्काल दूर करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में लगा कोई भी अधिकारी, कर्मचारी अपने आप को अकेला न समझे, किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला प्रशासन का प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी आपकी मदद को मौजूद होगा, आप अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, लगन के साथ करें, किसी भी स्तर पर आपको कोई असुविधा नहीं होगी।

श्री सिंह ने प्रशिक्षण में मौजूद सेक्टर–जोनल मजिस्ट्रेट से कहा कि आपको भारत निर्वाचन आयोग ने कार्यपालक मजिस्ट्रेट के अधिकार प्रदत किए हैं, आपको अपने–अपने जोन, सेक्टर में मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष संपन्न कराने का दायित्व सौपा गया है, इस दायित्व को निभाने के लिए आपको इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, वीवीपेट को कनेक्ट करने, सीलिंग करने के साथ–साथ उसके संचालन की प्रक्रिया की जानकारी होना बेहद जरूरी है इसके साथ ही मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, विभिन्न कार्यों के बारे में जागरूक होना भी आवश्यक है इसलिए आप सब प्रशिक्षण में ईवीएम, वीवीपेट के संचालन से पूरी तरह वाकिफ हो लें। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन पहले 02–03 घंटे में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के संबंध में ही अधिकांश शिकायतें मिलती हैं, जिसके फलस्वरुप अफरा–तफरी का माहौल रहता है, तमाम प्रकार की भ्रांतियां, अफवाहें फैलती हैं यदि सेक्टर– जोनल मजिस्ट्रेट, पीठासीन अधिकारी, अन्य मतदान कार्मिक ईवीएम संचालन में माहिर होंगे तो इस प्रकार की समस्याओं से बचा जा सकता है। उन्होंने सेक्टर जोनल मजिस्ट्रेट से कहा कि 06 मई को आपको अतिरिक्त ईवीएम, वीवीपेट उपलब्ध कराए जाएंगे और यह सेट आपके पास मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात तक उपलब्ध रहेंगे, इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, वीवीपेट की सुरक्षा का दायित्व आपके ऊपर रहेगा, आप इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन को लेकर बेफिक्र न रहे बल्कि उसकी सुरक्षा के लिए हमेशा सतर्क रहें, किसी भी दशा में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन खाकी वर्दी के बिना नहीं होनी चाहिए, वाहन का जीपीएस सिस्टम चालू रहे, निर्धारित रूट पर ही वाहन का आवागमन हो, किसी भी दशा में रूट न बदल जाए, मतदान समाप्त होने के पश्चात मतदान कार्मिकों की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, वीवीपेट, अन्य सामग्री जमा करने के उपरांत सेक्टर–जोनल मजिस्टेट के पास उपलब्ध अतिरिक्त ईवीएम सेट को वेयरहाउस में जमा करने के उपरांत ही सेक्टर–जोनल मजिस्टेट वापस अपने घर जाएं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि अभी हमारे पास काफी समय है, सभी सेक्टर–जोनल मजिस्टेट अपने–अपने सेक्टर, जोन में स्थापित प्रत्येक बूथ का स्थलीय निरीक्षण कर मूल–भूत सुविधाओं की उपलब्धता देख ले यदि कहीं कोई कमी हो तो तत्काल संबंधित अधिकारी से समन्वय स्थापित कर दूर करायें, प्रत्येक बूथ पर मतदाताओं को मूल–भूत सुविधा यथा पीने हेतु स्वच्छ पानी, रैंम्प, छाया, समुचित प्रकाश व्यवस्था, शौचालय की उपलब्धता रहे, भ्रमण के दौरान मतदान केंद्र हेतु चयनित भवन, मतदान केंद्र तक पहुंचने वाला मार्ग ठीक दशा में है, को स्वंय देख लें, मतदान केंद्र के भ्रमण के पश्चात मतदान केंद्र पर मताधिकार करने वाले मतदाताओं से भी वार्ता करें, आमजन के अलावा ग्राम प्रधान, कोटेदार, बूथ लेवल अधिकारी, आंगनवाडी कार्यकत्री, आशा, सचिव, लेखपाल आदि से संवाद कर क्षेत्र के दबंग प्रवृत्ति के लोगों, शरारती तत्वों के बारे में जानकारी करें, क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, बीएलओ, सचिव, लेखपाल अन्य ग्राम स्तरीय कर्मियों के मो.नं. सभी सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट अपने पास रखें।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम जी मिश्र, अपर जिला अधिकारी न्यायिक आदि मौजूद थे।

# हिन्दू महासभा के १०९ वें स्थापना दिवस पर जलाल खां की गोठ में मिष्ठान वितरण हुआ हिन्दू महासभा




ग्वालियर हिन्दू महासभा जिला ग्वालियर द्वारा 13 अप्रैल शनिवार को हिन्दू महासभा का 109 वाँ स्थापना दिवस प्रदेश महामंत्री श्री विनोद जोशी के मुख्य आतिथ्य एवं मंडल महामंत्री श्री किशोर माहौर की अध्यक्षता में जलाल खां की गोठ, माता व हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए श्री जोशी ने कहा मदन मोहन मालवीय जी ने हरिद्वार में अप्रैल 1915 में आज ही के दिन हिमस की स्थापना की थी। लाला लाजपत राय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, वीर सावरकर जैसे महापुरुष हिन्दू महासभा के नेता रहे। महासभा का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म का प्रचार और राष्ट्रभक्ति करना है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्री पवन गुप्ता ने नरम दल, गरम दल पर चर्चा करते हुए बताया काँग्रेस में जब गाँधी जी की नीतियों का विरोध शुरू हुआ तब नरम दल व गरम दल अस्तित्व में आया, महामना मदन मोहन मालवीय जी, लाला लाजपत राय जी, बाल गंगाधर तिलक जी, विपिनचंद्र पाल आदि ने मिलकर हिंदू महासभा की स्थापना की। इसी क्रम में युवक हिन्दू महासभा के जिला संयोजक पवन माहौर ने युवाओं से पार्टी में जुड़ने की अपील करते हुए कहा बंगाल के महाराजा मणींचन्द्र नंदी की अध्यक्षता वाली बैठक में हिंदू महासभा को अखिल भारत हिंदू महासभा का स्वरूप देकर राजनीतिक संगठन बनाया गया था। जिसका उद्देश्य स्वतंत्रता प्राप्ति के साथ अखंड हिंदू राष्ट्र का निर्माण करना था। केशव बलिराम हेडगेवार, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, लाला लाजपत राय, स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती, भाई परमानंद, वीर सावरकर सहित अनगिनत क्रांतिकारी व धर्माचार्यों ने संगठन से जुड़कर सनातन धर्म व संस्कृति का प्रचार प्रसार किया था। हिंदू महासभा सदैव ही धर्म व संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिये प्रयत्नशील रही है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री श्री विनोद जोशी, संभागीय अध्यक्ष पवन गुप्ता, संभागीय महामंत्री मनोज जाटव, मण्डल महामंत्री किशोर माहौर, जिला प्रवक्ता नरेश बाथम, अखिल सक्सेना, डॉ,होतम फरैजिया, आकाश पाल, रिंकू कुशवाह, सतीश कुशवाह, रोहित चौरसिया, अमित यादव आदि राष्ट्रभक्त शामिल हुए।

जिला प्रवक्ता
नरेश बाथम

# सपा की जुबां पर मुलायम, तो भाजपा के पास मोदी की गारंटी मैनपुरी में गुम हुए मुद्दे

दि ग्राम टुडे दैनिक समाचार पत्र
ब्यूरो रिपोर्ट मुनीश मिश्रा
मैनपुरी मौसम के पारे के साथ सियासत का पारा भी चढ़ गया है। लेकिन इस बार ये सियासी गर्मी कुछ अलग सी है। ये गर्मी मैनपुरी के दर्द और यहां के मुद्दों को लेकर नहीं है। ये मुद्दे तो कहीं गुम हो चुके हैं। इस चुनाव में कुछ नजर आ रहा है तो बस कुछ नामों का सहारा। सपा की जुबां पर मुलायम और उनकी सियासत है तो वहीं भाजपा मोदी के नाम के सहारे चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है।पहले जब चुनाव होता था तो जनता को नेता से सवाल पूछने का मौका मिल जाता था। वे पूछते थे कि आखिर उनकी समस्याएं क्यों दूर नहीं हुईं। अगर होंगी तो कब तक दूर होंगी। उनके लिए नेता चुनाव जीतने के बाद क्या करेंगे। लेकिन अब ये सब गुजरे जमाने की बातें सी नजर आती हैं। 2024 के चुनाव में सियासी मुद्दे कहीं दूर–दूर तक भी नहीं हैं। प्रत्याशी बस एक दूसरे की कमियां गिनाने में लगे हैं। सपा भाजपा पर लोकतंत्र खत्म करने का आरोप मढ़ती है तो वहीं भाजपा सपा पर परिवारवाद और गुंडई को बढ़ावा देने का आरोप लगाती है।

लेकिन जीत के लिए उनके पास अलग ही फंडा है। सपा प्रत्याशी डिंपल यादव मुलायम सिंह यादव की याद दिलाकर लोगों से वोट मांगती हैं। वहीं भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह मोदी की गारंटी लेकर जनता के बीच पहुंच रहे हैं। वे दावा करते हैं कि मोदी की गांरटी पर इस बार लोग मैनपुरी में भी भरोसा करेंगे।

रोजगार पर नहीं होती बात
सपा से अगर विकास की बात की जाती है तो वे एक दशक पुराने विकास कार्यों को दोहराते नजर आते हैं। सड़कों के जाल से शुरू होकर उनकी गिनती सैनिक स्कूल, इंजीनियरिंग कॉलेज से होते हुए एक्सप्रेस–वे पर आकर खत्म होती है। वहीं भाजपा से जब विकास के मुद्दे पर बात होती है तो भविष्य के सुहाने सपने दिखाए जाते हैं। इसमें आगे बनने वाला ऑडिटोरियम, केंद्रीय विद्यालय और मैनपुरी का बाईपास है। इसमें अब तक ऑडिटोरियम के कार्य का ही शिलान्यास हो सका है। अन्य कार्य धरातल से दूर हैं।

युवाओं की नहीं हो रही कोई बात
रोजगार मैनपुरी के क्षेत्र के लिए सबसे बड़ा मुद्दा है। यहां बीते कई दशकों से इसकी मांग उठती रही है। लेकिन नेताओं ने सियासी बातों का जाल बुनकर इसे मुद्दे को बीच में फंसा दिया है। युवा रोजगार चाहते हैं, लेकिन उनकी इस समस्या पर चर्चा ही नहीं होती है। न तो पक्ष और न ही विपक्ष रोजगार दिलाने का दावा मैनपुरी के युवाओं को करता नजर आता है।

# एनटीपीसी टाण्डा में तैनात केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की अग्निशमन सेवा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

दि ग्राम टुडे
ब्यूरो चीफ मुकेश मिश्र
अंबेडकरनगर – एनटीपीसी टाण्डा में तैनात केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की अग्निशमन शाखा द्वारा दिनॉक 14.04.2024 को अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी टाण्डा,अशोष कुमार चट्टोपाध्याय, केऔसुब के उप कमांडेन्ट धर्मेन्द्र राजपूत, महाप्रबंधक चिकित्सा डॉ उदयन तिवारी, महाप्रबंधक परियोजना, अतुल गुप्ता, महाप्रबंधक ऑपरेशन, अभय कुमार मिश्रा, सहायक कमांडेन्ट संजीव कुमार सिंह एवं केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के निरीक्षक/अग्नि रोशियो बाबु, निरीक्षक/कार्य राजीव कुमार एवं प्रवीण कुमार तथा एनटीपीसी परियोजना के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।उक्त कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहायक कमांडेन्ट, संजीव कुमार सिंह ने 14 अप्रैल 1944 को शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों के बलिदान को याद करते हुए एवं अग्नि सुरक्षा जागरूकता के संबंध में जागरूक सप्ताह के दौरान आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम की विधिवत् जानकारी दी। कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी टाण्डा अशेष कुमार चट्टोपाध्याय ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि अग्नि सुरक्षा जन जागरुकता के द्वारा हम आग से होने वाली दुर्घटनाओं से निजात पा सकते हैं। इस अवसर पर धन्यवाद ज्ञापन उप कमांडेन्ट धर्मेन्द्र राजपूत केऔसुबल टाण्डा द्वारा दिया गया। उन्होने अपने संबोधन में अग्निशमन शाखा के बल के सदस्यों द्वारा अग्नि सुरक्षा से संबंधित किये जा रहे अथक प्रयासो की सराहना की एवं उपस्थित प्रबंधन वर्ग को सयंत्र की सुरक्षा एवं संरक्षण के बारे में आश्वस्त किया।






# विश्वविद्यालय में बनेगा ट्रांसजेंडर सेल

आगरा डा. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में ट्रांसजेंडर सेल बनेगा। सोमवार को विश्वविद्यालय पहुंची उत्तर प्रदेश सरकार, राज्य ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देविका एस देवेंद्र ने ट्रांसजेंडर की चुनौतियों पर चर्चा की। जुबली हाल में आयोजित गोष्ठी में छात्रों से ट्रांसजेंडर के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों से जुड़ने की अपील की।

देविका एस देवेंद्र ने छात्रों को ट्रांसजेंडर समुदाय के सामने आने वाली मुख्य चुनौतियों के बारे में बताया। छात्रों से उनकी मुहिम में जुड़ने का आह्वान किया। कुलपति प्रो. आशु रानी ने बताया कि विश्वविद्यालय में 10

विश्वविद्यालय के जुबली हाल में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करती उत्तर प्रदेश सरकार, राज्य ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देविका एस देवेंद्र सौ विश्वविद्यालय ट्रांसजेंडर छात्र पढ़ रहे हैं। जल्द ही ट्रांसजेंटर सेल बनाया जाएगा। सामुदायिक रेडियो में जनसंपर्क अधिकारी पूजा सक्सेना ने उनका साक्षात्कार लिया, उन्होंने प्रदेश सरकार की ट्रांसजेंडर के लिए चलाई जा रहीं योजनाएं बताईं।

प्रति कुलपति प्रो. अजय तनेजा, कुलसचिव डा. राजीव कुमार, डीन अकादमिक प्रो. संजीव कुमार, प्रभारी संस्कृति भवन प्रो. संजय चौधरी, समाज विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. मोहम्मद अरशद, विभागाध्यक्ष प्रो. रनवीर सिंह मौजूद रहे।



# विश्व हिंदू परिषद् द्वारा रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन ज़िला मातृशक्ति संयोजिका श्रीमती मंजु दलेला जी के आवास पर हुआ



दि ग्राम टुडे दैनिक समाचार पत्र
ब्यूरो रिपोर्ट मुनीश मिश्रा
जिसमें हमारे बीच प्रांत सत्संग प्रमुख अभय जादौन , प्रांत मातृशक्ति संयोजिका हिमाचली जादौन एवं क्षेत्र मातृशक्ति सह संयोजिका सरिता त्रिपाठी की अध्यक्षता में भगवान श्री राम से सामाजिक समानता, सेना को प्रोत्साहित करना, शांति से लक्ष्य की ओर बढ़ना, त्याग और संयम के गुण से प्रेरणा ली गई इसलिए भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहा जाता है। वह जिस तरह से समय और स्थिति को देखकर आगे की रणनीति बनाते थे उनसे सीख ली जा सकती है। और आगामी आने वाले मातृशक्ति एवं दुर्गावहिनी वर्ग जो जून में होने वाले है उस पर चर्चा करी।

इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के ज़िला अध्यक्ष सिद्धनाथ पांडेय ,ज़िला मंत्री कमलेन्द्र सिंह चौहान ,दुर्गावहिनी ज़िला संयोजिका कुमारी अपूर्वा , ज़िला विधि संयोजिका प्रीतलता , उपाध्यक्ष मंजु चौहान , नगर मातृशक्ति संयोजिका विमलेश , ज़िला विधि संयोजक अवदेश तोमर, ज़िला उपाध्यक्ष डॉ सत्य प्रकाश एवम् मातृशक्ति और दुर्गावहिनी मोना ,माधुरी ,प्रज्ञा , अंशिका,दीक्षा नंदिनी,पलक सुनीति सलोनी, बिंदु मौजूद थीं।

# थानाध्यक्ष मालीपुर शिवांगी त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा ०२ नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायालय




दि ग्राम टुडे
ब्यूरो चीफ मुकेश मिश्र
अंबेडकरनगर – पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर महोदय डॉ0 कौस्तुभ द्वारा अपराध तथा अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के कुशल पर्वेक्षण में थाना मालीपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0 91/2024 धारा 379/411 भादवि0 से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1.अर्पित उर्फ सुर्यांश पुत्र टेकई उर्फ रमाकान्त निवासी गुवावां जमालपुर थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 19 वर्ष 2. अविनाश पुत्र बसन्तलाल निवासी कबूलपुर थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 18 वर्ष को दो अदद एन्ड्राइड मोबाइल फोन व 100 रुपये के साथ झारखण्डी बाबा मन्दिर तिराहे से समय करीब 10.30 बजे गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण उपरोक्त को सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया ।

# कांग्रेस जनपद इकाई ने डॉ० भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई




गोण्डा – कांग्रेस की जनपद इकाई द्वारा डॉ0 भीम राव अम्बेडकर की जयंती कांग्रेस भवन में मनाई गई, भीम राव अम्बेडकर ने सभी वर्गो के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया आज शोषित,वंचित,उपेक्षित वर्ग की आवाज बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई,तथा विचार गोष्ठी हुई जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने बाबा साहेब आंबेडकर को श्रद्धांजली अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर ने जिस समानता और भाई चारे के साथ शोषित पीड़ित वर्ग को लेकर देश की विकास परिकल्पना की थी,आज सत्ता पर काबिज लोग खिलवाड़ कर रहे हैं और धर्म जाति के आधार पर लोगों को बांट रहें हैं संविधान की मूल भावना को स्थापित करना हम कांग्रेस जनों की सच्ची श्रद्धांजलि होगी श्रद्धांजलि सभा के दौरान शिव कुमार दुबे कहा की संविधान की मूल भावना से छेड़ छाड़ किया जा रहा हैं आगामी चुनाव में जनता उन्हें सबक सिखाएगी कांग्रेस जन अंतिम सांस तक संविधान की मूल भावना के प्रति समर्पित रहेंगे जिला अध्यक्ष सगीर खान,सेवा दल के अध्यक्ष प्रद्युम्न शुक्ला,उपाध्यक्ष विनय त्रिपाठी,रमन, श्रीमती संतोष ओझा एडवोकेट, अविनाश मिश्रा,सभासद शाहिद कुरेशी,मुन्ना श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किए इस अवसर पर शहर अल्पशंख्यक अध्यक्ष वसीम सिद्दीकी,ब्लॉक अध्यक्ष हरीश चंद्र श्रीवास्तव,धर्म राज सिंह, सलीम कुरैशी एनएसयूआई के जर्निल हयात,चांद खान,सफी मोहम्मद,सहित दर्जनों कार्यकर्ता रहें

# भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने जनपद के सभी बूथों पर बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर की जन्म जयंती




दि ग्राम टुडे
ब्यूरो चीफ मुकेश मिश्र
अंबेडकरनगर – भारत रत्न डाक्टर भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन में भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने हर्षोल्लास पूर्वक जनपद की बूथों पर डाक्टर अंबेडकर की प्रतिमा और चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए मनाया।

डाक्टर भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती पर भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने हंसवर मण्डल के अपने बूथ 287 पर बाबा साहब की मूर्ति पर मण्डल अध्यक्ष सुग्रीव कन्नौजिया,हंसवर ग्राम प्रधान कन्हैया लाल,बूथ अध्यक्ष रोहित कन्नौजिया के साथ माल्यार्पण किया ।माल्यार्पण उपरांत उपस्थित लोगों से बाबा साहब की जीवन संघर्ष और समाज में उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों की चर्चा करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में जन्म लिए भारत रत्न डाक्टर भीम राव अम्बेडकर जी ने अपनी सारी जिंदगी समाज की जातीय व्यवस्था के खिलाफ़ संघर्ष में बिताया ।उन्हें भारत की सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया ।डाक्टर साहब की स्मृतियों को सहेजने के लिए भाजपा सरकार ने उनके जन्म स्थान महू, लंदन की शिक्षा स्थान,दीक्षा भूमि नागपुर,महापरिनिर्वाण भूमि तथा चैतन्य भूमि मुंबई को भव्य रूप में विकसित कर देश को समर्पित करते हुए ऐतिहासिक सम्मान देते हुए पंचतीर्थ को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में शामिल किया।

भाजपा सांसद प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ने जलालपुर विधान सभा क्षेत्र के फरीदपुर,भड़भड़पुर और गोसाई गंज विधान सभा क्षेत्र की चरावा में डाक्टर भीम राव अम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद उपस्थित लोगों को अतिथि के रूप संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब ने गरीबों और मजलूमों के लिए बहुत सारे सुधारात्मक और समृद्धिशाली बनाने की कार्य किए हैं ।डाक्टर साहब के पास 32 शैक्षिक डिग्रियां थी और वह 9 भाषाओं के जानकार थे ।उन्होंने अनेकों पुस्तकें भी लिखी है ।उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज की कुरीतियों को समाप्त करने में लगाया था ।भारत की संविधान को तैयार करने में बाबा साहब ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी ।बाबा साहब संविधान निर्माता कहा जाता है ।वह अपनी माता पिता की 14 वीं संतान थे ।रितेश पाण्डेय ने कहा कि वह भी बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज के गरीबों के लिए सतत् संघर्ष करते चले आ रहे हैं ।लोक सभा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू और लोक सभा संयोजक अवधेश द्विवेदी ने भी डाक्टर साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया और उनके समाज हित में किए गए कार्यों की चर्चा किया। कार्यक्रम में लोक सभा सह संयोजक राम मोहन भारती चरावां प्रधान राकेश कुमार,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगदीश राजभर,प्रेम वर्मा शामिल रहे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने जारी विज्ञप्ति में बताया है कि भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा,निवर्तमान जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी,राम प्रकाश यादव,ज्ञान सागर सिंह, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी,रमा शंकर सिंह,चेयर मैन ओमकार गुप्ता, जिला महामंत्री अमरेंद्र कांत सिंह,सुरेश कन्नौजिया,दिलीप पटेल देव सहित भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी अपने अपने बूथों पर डाक्टर भीम राव अम्बेडकर जी की प्रतिमा और चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाया।

# कलेक्ट्रेट सभागार में बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की १३३ वीं जन्म जयंती का हुआ आयोजन



दि ग्राम टुडे
ब्यूरो चीफ मुकेश मिश्र
अंबेडकरनगर –लोक सभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में जारी आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करते हुए बाबा साहब डा० भीमराव अम्बेडकर के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट परिसर के सम्मुख स्थित डा० भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दयाशंकर पाठक व अन्य अधिकारियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में डॉ. भीमराव अंबेडकर के 133 वी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी,वरिष्ठ कोषाधिकारी,जिला सूचना अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा डा० भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र / प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जयंती समारोह के दौरान जिलाधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहां कि डॉ. आंबेडकर को भारतीय संविधान निर्माता के तौर पर जाना जाता है। संविधान निर्माण में व समता मूलक समाज के निर्माण में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्य प्रदेश के महू में एक गांव में हुआ था। डॉ. भीमराव अम्बेडकर समाज में समानता पर बल दिए। संविधान के मूल अधिकार के तहत रखा गया। डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष और सफलता की कहानी सभी के लिए प्रेरणा है। साथ ही साथ उप जिलाधिकारी रोशनी यादव द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन परिचय पर विस्तार से चर्चा की गई।

# सरयू नदी में स्नान करने गए वृद्ध की पैर फिसलने से डूब कर हुई मौत

दि ग्राम टुडे
संवाददाता अमरबहादुर मिश्र
अंबेडकरनगर – जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के नीलकंठ सराय गांव निवासी राम खेलाड़ी पुत्र जगरूप उम्र लगभग 65 वर्ष आज प्रातः सरयू नदी में गए थे स्नान करने की जहां नदी में स्नान करते समय पैर फिसलने से पानी के तेज बहाव में राम खेलाड़ी गए डूब। गये जिसे नदी में डूबे वृद्ध के शव को स्थानीय गोताखोरों की टीम ने कठिन परिश्रम कर किया बरामद नदी में वृद्ध के डूबने की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासनिक अमला राजस्व पुलिस एवं स्थानीय गोताखोर की टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचा कर और गोताखोरों ने नदी में डूबे वृद्ध की शुरू की तलाश वहीं उपजिलाधिकारी आलापुर सदानंद सरोज क्षेत्राधिकार राम बहादुर सिंह मौके पर मौजूद रहकर करते रहे छानबीन लगभग 2 घंटे की कठिन मशक्कत के बाद कुशल स्थानीय गोताखोर की टीम ने वृद्ध के शव को किया बरामद उपजिलाधिकारी आलापुर सदानंद सरोज ने गोताखोरो की टीम का हौसला अफजाई करते हुए उन्हें प्रदान की प्रोत्साहन राशि।



# डॉ. महेन्द्र सिंह गौड़ का देह दान



आर के पाण्डेय, दि ग्राम टुडे, जोधपुर। उदय सिंह जी की हवेली, सुरायतां हाउस, घोड़ा चैक निवासी स्वर्गवासी डाक्टर महेन्द्र सिंह गौड़ पुत्र धर्मपाल सिंह गौड़ का देहदान आज 14–04–24 को डॉ सम्पूर्णानन्द मेडीकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग के डॉ. तरूणा चैधरी की उपस्थिति में किया गया। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कीर्ति सिंह और सुपुत्री दिव्या सिंह ने बताया कि श्री महेन्द्र मनोविज्ञान में डॉक्टरेट थे। वे प्रकृति प्रेमी और मानवतावादी विचारों के थे, जिनकी कथनी और करनी में लेशमात्र भी अन्तर नहीं था।पतिपत्नी युग्म नें आपस में यह सहमती थी की मरणोपरान्त देहदान ही करेंगे। श्रीमती कीर्ति सिंह स्वयं पशुप्रप्रेमी है और अपनी हवेली में घायल व बेबस कुत्तों के इलाज व रहने खाने की व्यवस्था स्वयं करती है।

इस पुनित कार्य में उत्कृष गौड़, मनोहर सिंह इन्दा, दिनेश सिंह इन्दा, महावीर सिंह, नरेन्द्र सिंह राठौड़, दिनेश सिंह राठौड़ इत्यादि परिवारजन उपस्थित थे।

# सनातन संस्कृति ज्ञान परीक्षा का हुआ आयोजन

अथर्व इंडिया अंतरराष्ट्रीय शोध संस्थान द्वारा आयोजित सनातन संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन दिनाँक 14 अप्रेल दिन रविवार को हुआ। संस्थान की कार्यक्रम संयोजक अनीशा कुमारी ने बताया कि संस्थान द्वारा इस तरह के कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर सदैव से आयोजित होते रहे हैं,परंतु राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के द्वारा सनातन वैदिक संस्कृति का ज्ञान मान्यताओं एवं परंपराओं की जानकारी विद्यार्थियो एवं जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए संस्था के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक डॉ वी बी पाण्डेय ने ऑनलाइन माध्यम के द्वारा यह कार्यक्रम प्रारंभ किया है।इसके द्वारा संस्कृति संवाहक के रूप युवाओं को तैयार करने हेतु उनको शिक्षित किया जा रहा है। इस तरह की परीक्षा से शैक्षिक ज्ञान के साथ ही बौद्धिक विकास भी होगा। आज आयोजित सनातन संस्कृति ज्ञान परीक्षा में में भारत के अनेक जनपदों एवं प्रांतों से प्रतिभागी सम्मिलित आयु वर्ग के लोग रहे. इस तरह की परीक्षा प्रत्येक माह आयोजित की जाएगी.जो भी शिक्षार्थी संस्थान द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं उन्हें प्रमाणपत्र दिया जाता है।



# सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक नें की शिरकत

दि ग्राम टुडे

संवाददाता रामवीर सिंह चौहान

मोहम्मदी–खीरी। धौरहरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा की लोकसभा के मोहम्मदी नगर में आयोजित सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के डिप्टी  सीएम ब्रजेश पाठक ने सम्बोधित किया।कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, गोला विधायक अमन अरविंद गिरी,व सभी विधायक गण, प्रदेश संयोजक अंकित सिंह चंदेल, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद मिश्र, ज्योतिर्मय बरतरिया, नगर अध्यक्ष संजय चतुर्वेदी, नगर उपाध्यक्ष अंकित मिश्रा, अभिषेक शुक्ला, सुधाकर सिंह, चंदन जोशी, संजय सिंह, राहुल सैनी, अतुल बाजपई, चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी, जिला पदाधिकारी व क्षेत्र से आये कार्यकर्ता उपस्थिति रहे। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम को ट्रामा सेंटर के लिये नगर अध्यक्ष संजय चतुर्वेदी ने ज्ञापन सौपा। इसी क्रम में जिला कार्यकारणी सदस्य राहुल सिंह राणा के पिता राम प्रकाश सिंह ने कई साथियों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में सोशल मीडिया वालंटियर उपस्थित रहे।

# जिलेभर में उत्साह, उल्लास, उमंग से मनाई गई आंबेडकर जयंती

कलेक्ट्रेट में हुआ कार्यक्रम, डीएम ने किया माल्यार्पण, डॉ. आंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का किया आह्वान

दि ग्राम टुडे

रामवीर सिंह चौहान

लखीमपुर खीरी 14 अप्रैल। रविवार को जिलेभर में  उत्साह, उल्लास और उमंग से संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव रामजी आम्बेडकर की जन्म जयंती मनाई गई। कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्श को अनुकरणीय बताते हुए उनके सपनों को साकार करने का संकल्प दोहराया।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने डॉ. आंबेडकर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कहा कि संविधान निर्माता ने समाज को मुख्य धारा में जोड़ा। संविधान निर्माण में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। डॉ. आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके बताये रास्ते पर चल कर समाज का निर्माण करें और समाज को आगे बढ़ाएं। आज के इस पावन और पुनीत मौके पर उन्हें स्मरण करने से मन प्रफुल्लित हो उठता है।

एडीएम संजय कुमार सिंह ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव रामजी आम्बेडकर के सिद्धांतों और आदर्शो को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत बताई। कहा कि उनके प्रयास से समाज के सभी वर्गों को संविधान में उचित स्थान प्राप्त हुआ। उनके प्रति सच्ची श्रद्धा तभी होगी, जब लोग अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरे संकल्प के साथ करेंगे।

आयोजित कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी  सुरेश वर्मा, सुधीर सोनी, न्याय सहायक द्वितीय सुरेश वर्मा सहित कलेक्ट्रेट कर्मियों ने भी चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन कलेक्ट्रेट कर्मी श्री राम ने किया।

# बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के जयंती के पूर्व दिवस पर इंटरमीडिएट कॉलेज गौरा में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

दिलीप कुमार संवाददाता कादीपुर सुलतानपुर। कटका क्लब सामाजिक संस्था के शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के जयंती के पूर्व दिवस पर इंटरमीडिएट कॉलेज गौरा में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबासाहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया । कार्यक्रम की अगुवाई शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष शीतला प्रसाद पांडेय ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डा रवींद्र प्रकाश सिंह ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि समाजसेवी संदीप मिश्रा रहे।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शालनी दूसरे स्थान पर दीपक और तीसरे स्थान पर राज श्री रहे। प्रतियोगिता में शामिल छात्र छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि समाजसेवी संदीप मिश्रा ने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों के बीच उत्साह बनेगा एवं बच्चे कला के प्रति और जागरूक होंगे।इस मौके पर संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने कहा किबाबा साहेब ने पिछड़े और कमजोर वर्ग के अधिकारों के लिए पूरा जीवन संघर्ष किया।शिक्षा के बिना मनुष्य पशु के समान है। शिक्षा न सिर्फ मनुष्य को मानव धर्म का बोध कराती है बल्कि शिक्षा से सामाजिक कुरीतियों का भी नाश होता है।महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नफीसा खातून ने आए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया ।इस मौके पर उपस्थित शिक्षक सतीश कुमार गौतम, आलोक तिवारी, कृपा शंकर मौर्या, सूरज विश्वास, वीर विक्रम सिंह, सुमित दुबे, अभिषेक दूबे आदि लोग उपस्थित रहें।

# सांसद मेनका का १६अप्रैल से तूफानी दौरा, विभिन्न कार्यक्रमों में होगी शामिल

अंजनी दूबे संवाददाता

सुलतानपुर।सुल्तानपुर की सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका संजय गांधी चुनावी कैंपेन को धार देने 15 अप्रैल को संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर आ रही है। सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि श्रीमती गांधी 15 अप्रैल को प्रातः 8:00 बजे दिल्ली से सड़क मार्ग होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे के 123 किलोमीटर कूरेभार बाईपास  पहुंचेंगी।यहां पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा।  इसके बाद श्रीमती गांधी शास्त्रीनगर स्थित संदीप सिंह के आवास पर कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात करने के बाद रात्रि विश्राम करेंगी।श्रीमती गांधी 16 अप्रैल को लंभुआ विधानसभा में डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करेंगी।श्रीमती गांधी 10:00 बजे वजूपुर कुडिया, 10:30 सराय आचल, 11:00 संत मनोगी दास मंदिर के पास हरिपुर बनवा, 11:30 बजे दुर्गा पूजा स्थल गौरा ,12 बजे अनिल तिवारी की आवास बरसड़ा, 12:30 बजे रामगढ़ बारात घर, 1:00 बजे शाहपुर हरिवंश मरीमाई धाम के पास, 1:30 बजे सर्वोदय रोड लंभुआ, 1:45 बजे राम आसरे की गली सर्वोदय नगर,2:00 बजे देवरी, 2:15 बजे जफरापुर मिश्रपुर,2.45 बजे जमुखुरी, 3:15 बजे सबसुखपुर, 3:30 बजे खुनशेखपुर ,4:00 बजे आईटीआई स्कूल गोपीनाथपुर में नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगी।श्रीमती गांधी लगातार लोकसभा क्षेत्र में तूफानी दौरा करेंगी।

# बाबा साहब डॉ० भीमराव अंबेडकर जी के जयंती के अवसर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया याद

बाबा साहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर जी के जयन्ती के अवसर पर संगोष्ठी का किया गया आयोजन।

ब्यूरो चीफ मनीष कुमार दुबे सुलतानपुर।अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) गौरव शुक्ला की अध्यक्षता में रविवार को संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में संगोष्ठी आयोजित की गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(प्रशासन), मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र सिंह, अपर उप जिलाधिकारी प्रवीन कुमार, नवागत ज्वांइट मजिस्ट्रेट वैशाली, कर्मचारी प्रन्तीय अध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा डॉ० भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया गया।अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) ने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना "हम भारत के लोग, भारत को एक (संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य) बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना को स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और (राष्ट्र की एकता और अखंडता) सुनिश्चित करने वाली बंधुता को बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में एत्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते है। इसी प्रकार वहां उपस्थित अधिकारियों द्वारा डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर विचार व्यक्त किये गये। इसी प्रकार विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीसी मनरेगा अनवर शेख, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आशीष कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर डीसी मनरेगा व जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी द्वारा डॉ० भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इसके साथ ही वहां उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भी माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया गया। डीसी मनरेगा व जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी द्वारा डॉ० भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया।इसी प्रकार डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की  जयंती के अवसर पर समस्त तहसीलों , कार्यालयों,शिक्षण संस्थाओं में भी उनके जीवन दर्शन व व्यक्तित्व पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



# तृणय सेवा महे के आदर्श वाक्य केद्द तहत जनता को आग व अन्य आपदा से रक्षार्थ सदैव मुस्तैद रहता है अग्निशमन विभाग

संवाददाता शिव शंकर चौधरी

डी पी गुप्ता

सुलतानपुर। 14 अप्रैल अग्निशमन सेवा दिवस पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजय कुमार शर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर सोमेन वर्मा को अग्निशमन सेवा दिवस का फ्लैग पिन लगाया और इस दौरान अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के शुभारम्भ पर पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर सोमेन बर्मा द्वारा अग्निशमन आपात सेवा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।द्द इस विषय पर मानवाधिकार एक्टिविस्ट एवं समाजसेवी पत्रकार डी पी गुप्ता एडवोकेट ने समाज को अग्नि व अन्य आपदा के समय देवदूत बन कर रक्षा करने वाले फायर विभाग के मुख्यद्द अग्निद्दशमन अधिकारी संजय शर्मा से विशेष वार्तालाप किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को फायर सेवाएँ 'अग्नि शमन दिवस' मनाती हैं जो लोक सेवा के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले अग्नि शमन कर्मियों की स्मृति में मनाया जाता है। प्रदर्शनी, फिल्म शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रचार पुस्तिका के वितरण, गोष्ठियों, और व्याख्यानों द्वारा आग की रोक थाम का संदेश जनता तक पहुंचाया जाता है। फिल्म, टेलिविजन, रेडियो और अखबारों जैसे जन संचार माध्यमों के जरिये आग से रोक थाम का संदेश सफलता पूर्वक फैलाने में मदद मिलती है। फायर विभाग विद्यालयों और कालेजों में तथा अन्य जगहों पर जहां आग्रह किया जाता है, वहाँ आग से रोक थाम विषय पर व्याख्यान और प्रदर्शन आयोजित करता है। आग से रोक थाम की शिक्षा लोगों के जीवन और संपत्ति को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। यह एक उत्कृष्ट महत्वपूर्ण एजेंसी है और बड़े पैमाने पर सरकार और समाज से मजबूत समर्थन के हकदार है। उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवाओं का आदर्श–वाक्य है – ''हम बचाने के लिए काम करते हैं'' जो संस्कृत के मूल आदर्श–वाक्य – 'तृणय सेवा महे' का शाब्दिक अनुवाद है। विदित हो कि इस आदर्श वाक्य के आधार पर प्राथमिकता वाली तीन उद्देश्य हैं । प्राथमिक उद्देश्य के तहत जीवन रक्षाद्द यह अग्निश्मन सेवा का सबसे जरूरी हिस्सा है, जिसके लिए कर्मियों का अच्छी तरह से प्रशिक्षित होना जरूरी है। आग के मामलों में आग की बजाय आग से निकलने वाला धुआँ ज्यादा जानलेवा साबित होता है। धुआँ ही है जो दम घोंट कर पहले ही मार देता है। अग्निश्मन कर्मियों को सघन रूप से प्रशिक्षित किया जाता है ताकि वे आग बुझाने की स्थितियों में पायी जाने वाली गर्म और धुएं से भरी हुई परिस्थितियों का सामना कर सकें और खोज प्रक्रिया के तरीकों का सही ढंग से पालन करते हुए हताहतों की खोज कर सकें। अग्निशमन सेवाओं के अतिरिक्त आपदाएँ भवन का ढहना, डूबने से बचाव आदि घटनाएँ हैं जिनमें तत्काल जीवन रक्षा की जरूरत होती है। माध्यमिक उद्देश्य के तहत राष्ट्रीय एवं सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना विभाग का उद्देश्य है। आग और धुवें से राष्ट्रीय और सार्वजनिक संपत्ति का अत्यधिक नुकसान होता है। इस नुकसान को रोकने के लिए अग्निशमन सेवाओं को अग्नि शमन में नवीनतम तकनीकी विकास से रू–ब–रू रहना होता है। आग से नुकसान को कम करने के लिए कर्मियों को व्यावहारिक अग्निशमन की जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और विभिन्न प्रकोष्ठ हैं। उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवाएँ आग को उसके मुहाने पर जाकर इस तरह बुझाने का उपक्रम करती है ताकि आग बुझाने के दौरान इस्तेमाल किए गए पानी से संपत्ति का नुकसान न हो, वह खराब न होने पाये। तृतीय उद्देश्य के तहत नष्ट होने से बचाना और सुरक्षित करने को प्राथमिकता देते हुए मानवीय सेवाएँ और बचाव सेवाएँ का कार्य विभाग कार्य करता है। जिसमें उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा द्वारा संकट में पड़े मनुष्यों और पशुओं को प्राथमिक चिकित्सा सहायता दी जाती है। आग के घटनास्थल पर एक विंग अग्निशमन के कारण आग, धुएँ और पानी से संपत्ति के संरक्षण में व्यस्त रहता है। वे बिना जली संपत्ति को आग से परे हटाते हैं, पानी की निकासी का रास्ता बनाते हैं, जमीन पर जल भराव नहीं होने देते और हवा आने का रास्ता बनाते हैं। इन महत्वपूर्ण कामों के अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवाएँ निम्नलिखित कार्य भी करती है, जैसे कि समय–समय पर आग से बचाव और आग से रोकथाम पर सलाह देना एवं अति विशिष्ट व्यक्तियों को विमान से आगमन और प्रस्थान पर तथा सार्वजनिक सभाओं में आग से सुरक्षा प्रदान करना साथ ही साथ सांप्रदायिक दंगों, हड़ताल, त्योहार, सार्वजनिक सभाओं, बड़े जुलूसों आदि आपात स्थितियों में जनता को आग जैसी आपदा से सुरक्षा प्रदान करना है।

# ग्राम बोझिया मे बेजुबान गौवंशीय पशुओं को मुक्तिधाम में ग्रामीणों ने किया बंद,गेट में लगाया ताला

दि ग्राम टुडे

जिला संवाददाता

लखीमपुर खीरी 14 अप्रैल।मोहम्मदी तहसील क्षेत्र में  आवारा पशुओं से लोगों को काफी दिक्कत  का सामना करना पड़ता है जिसके चलते आज दिनांक 12 4.2024 को ग्रामीण ग्रामीणों ने बेजुबान गोवंश पशुओं को मुक्तिधाम में किया बंद. ग्रामीणों ने गेट बंद कर गेट पर लगाया ताला. भीषण गर्मी के चलते भूख प्यास से तरस रहे हैं गोवंशीय पशु। जिम्मेदार जान कर भी बना रहे हैं अनजान जिसके चलते मुक्तिधाम में पशुओं को बंद करने से गौ रक्षको में फयेला रोष।

मुद्रक प्रकाशक एवं संपादक सुभाष चंद्र पांडे द्वारा स्वामित्व धारी शिवेशवर दत्त पांडे के लिए दिशा ग्राफिक्स प्रिंटर 43 ओंकार रोड चुक्खूवाला देहरादून 248001 , से मुद्रित करवाकर 71 बल्लूपुर देहरादून पिन 248001 उत्तराखंड से प्रकाशित, संपादक सुभाष चंद्र पांडे स्थानीय संपादक मुकेश शर्मा, समाचार पत्र के सभी पद सहयोगात्मक अवैतनिक है। समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।